हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026



# ध्वज पताका व बाजे-गाजे के साथ निकली शहर में भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम भक्त वीर हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। शहर में जन्मोत्सव से पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ध्वज पताका व बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा। जयकारों के साथ शोभायात्रा का भक्तों ने स्वागत किया।

भगवान वीर हनुमान का जन्मोत्सव कल 2 अप्रैल को अंचल में हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। जिसकी मंदिर व घरों में भक्तों ने व्यापक तैयारियां की है। पर्व के पूर्व संध्या पर शहर में आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई।





**प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्राः** शहर के गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, सदर बाजार, भारतमाता चौक, तिरंगा चौक, रामधीन मार्ग, कामठी लाइन व अन्य मार्गों से होते हुए वापस सर्वेश्वर दास हायर सेकंडरी स्कूल गांधी सभागृह के पास पहुंची, जहां महाप्रसादी वितरित किया गया। शोभायात्रा में जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

### जयकारों की गूंज

शोभायात्रा का स्वागत हेतु स्वागत पंडाल बनाए गए थे। यहां शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए स्वल्पाहार, शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी। वहीं शहर ध्वज पताका लगाकर साज-सजावट किया गया था। पूरे शोभायात्रा के दौरान जयकारों की गूंज रही।

### दिनभर होगा श्रद्धाभक्ति का माहौल

इधर अंचल में वीर हनुमान का जन्मोत्सव मनाने व्यापक तैयारियां की गई है। बालाजी हनुमान मंदिर पुराना गंज चौक, मानव मंदिर चौक हनुमान मंदिर, महावीर हनुमान मंदिर, राम दरबार मंदिर जीई रोड, शीतला मंदिर परिसर हनुमान मंदिर, भानपुरी हनुमान मंदिर, सिंगारपुर हनुमान मंदिर सहित अंचल के अन्य मंदिरों में व्यापक तैयारियां की गई है। इस दिन धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।

### कलाकारों ने दी प्रस्तुति

शोभायात्रा शहर के सर्वेश्वरदास हायर सेकंडरी स्कूल के गांधी सभागृह से प्रारंभ हुए। शोभायात्रा में रथ में भगवान श्रीराम दरबार की झांकी की प्रस्तुति की गई। ध्वज पताका, बैड बाजा, धुमाल की भक्ति धुन एवं राऊत नाचा, आदिवासी गेडी नृत्य, पंथी नृत्य, मादरी नृत्य की लोक कलाकरों ने पूरे शोभायात्रा में शानदार प्रस्तुति दी।

### बसंतपुर में संचालित लव लाईफ मैरिज ब्यूरो पर पुलिस ने की कार्रवाई

# फर्जी मैरिज ब्यूरो की आड़ में 37 लाख की ठगी, संचालक-डायरेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी मैरिज ब्यूरो संचालित कर ठगी करने वाले संचालक और डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा लव लाईफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो का संचालन के फर्जी फोटो डाउनलोड कर फर्जी आईडी बनाकर युवकों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाता था। इसके बाद रजिस्ट्रेशन, पैकेज और फैमिली मीटिंग के नाम पर 30 से 40 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी की जाती थी। आरोपियों ने बीते एक साल में 37,69,000 रुपए की ठगी की। पुलिस ने आरोपी नेहा पाठक और धर्मेन्द्र मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सृष्टि कॉलोनी में लव लाईफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो के नाम से कार्यालय संचालित कर युवकों से ठगी की जा रही है। प्रारंभिक जांच एएसपी कीर्तन राठौर व नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन द्वारा की गई। जांच में अपराध पाए जाने पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 135/2026 धारा 318(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई।

### छग सहित कई राज्यों के लोगों के साथ धोखाधड़ी



### ठगों से बचने की अपील

राजनांदगांव पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन मैरिज ब्यूरो, सोशल मीडिया या व्हाट्सएप के माध्यम से मिलने वाले विवाह प्रस्तावों पर बिना सत्यापन के पैसे न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को दें।

### फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवकों से 30 से 40 हजार रुपए लिए जाते थे

थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू द्वारा टीम के साथ कार्रवाई करते मौके से 07 एंड्रॉइड मोबाइल, 14 की-पैड मोबाइल जब्त किए गए। मोबाइल की जांच में कुल 2286 युवतियों की फोटो डाउनलोड पाए गए। जिनसे फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवकों को भेजा जाता था। आरोपियों से पूछताछ में यह भी पाया गया कि रजिस्ट्रेशन, पैकेज एवं मीटिंग के नाम पर युवकों से 30 से 40 हजार रुपए तक की राशि ली जाती थी तथा बाद में किसी कारण का बहाना बनाकर संपर्क बंद कर दिया जाता था। इस प्रकार आरोपियों द्वारा सामूहिक रूप से ठगे जाने पर उनके खिलाफ धारा 318(4), 61(2), 112(2), 319, 336(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66-डी आईटी एक्ट के तहत अपराध पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# 30 लाख के ईनामी 9 नक्सलियों ने एके-47 समेत किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

### समर्पितों में 3 वरिष्ठ कैडर के नक्सली



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सली खात्मे के आखिरी डेडलाइन 31 मार्च की देर शाम 3 एसीएम रैंक के वरिष्ठ कैडर सहित कुल 9 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन सभी पर कुल 30 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण के दौरान दो नक्सलियों ने अपने साथ एक एके-47 और एक कार्बाइन राइफल भी महाराष्ट्र फोर्स को सौंप दिया है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह सफलता लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन और प्रभावी पुनर्वास नीति का परिणाम है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सल गतिविधियां अब लगभग समाप्त हो गया है। पहले जहां नक्सलवादियों का दबदबा 10 उपखंडों में सक्रिय था, वो एंटी नक्सल यूनिट सी-60, केंद्रीय रिजर्व फोर्स सीआरपीएफ के पराक्रम के बीच खत्म हो गया। महाराष्ट्र सरकार की "सरेंडर एवं पुनर्वास नीति" (2005) के तहत अब तक 805 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। वर्ष 2025 से अब तक 132 नक्सलियों ने हथियार छोड़े हैं।

### बड़ी घटना का असर

15 अक्टूबर 2025 को शीर्ष नक्सली नेता मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति ने 61 नक्सलियों के साथ सरेंडर किया था। इस घटना के बाद नक्सल संगठन को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा। अब तक 940 नक्सली 569 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

### देर शाम आत्मसमर्पण

समर्पण करने वालों में दसारी उर्फ पिडे सन्नु वेको, रामाजी अदामा पोतम, शांति वंजा वड्डे (तीनों एसीएम), मानकू पोडियम, सरिता वेलकम, लक्ष्मी कुंजाम, नंदे माडे, राकेश माज्जी और सुक्की कुंजाम शामिल हैं।

### जंगल में मिला जखीरा

आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कुमनार जंगल में सर्च अभियान की गई, जहां से 1 एके-47 राइफल, 3 मैगजीन, 57 जिंदा कारतूस, 3 वॉकी-टॉकी, 4 बैटरी, 20 पेन ड्राइव, वहीं गोंडापुरी जंगल क्षेत्र से 2 एसएलआर राइफल, 1 सिंगल शॉट हथियार, 50 डेटोनेटर डंप से बरामद किया गया है।

### पुनर्वास पैकेज का मिलेगा लाभ

महाराष्ट्र सुरक्षाबल के अनुसार सरेंडर के बाद सभी नक्सलियों को केंद्र और महाराष्ट्र सरकार की ओर से 4.5 लाख से 5.5 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिनमें डीआईजी (ऑप्स) अजय कुमार शर्मा, गढचिरौली एसपी नीलोत्पल सहित कई अधिकारी शामिल रहे।

### शादी छोड़कर प्रेमी के साथ ट्रेन से बिलासपुर जा रही थी मृतिका

# नाबालिग के प्रेमी ने ही ट्रेन से धक्का देकर की हत्या, दो साथी भी धरे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव की एक नाबालिग जो अपने रिश्तेदार के शादी के कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। इस दौरान वह अचानक लापता हो गई थी। जिसकी लाश जयराम नगर गतौरा स्टेशन के बीच परसदा समपाट रेलवे फाटक के पास मिली थी। इस मामले की जांच करते पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 29 मार्च को प्रार्थी थाना ठेलकाडीह ने थाना खैरागढ़ आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ अपने नाना के घर ग्राम में अपने मामा की शादी के कार्यक्रम में गई आई थी। 28 मार्च को शादी का रिशेप्सन कार्यक्रम चल रहा था, तभी रात्रि 11.30 बजे उनकी नाबालिग लड़की रिशेप्शन कार्यक्रम से किसी को बिना बताए कहीं चली गई है। नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर ले जाने की आशंका पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना खैरागढ़ अपराध धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### तीन पकड़े गए, पुलिस ने की कार्रवाई



पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस ने आरोपी मोहन वर्मा 27 साल निवासी चिचोला, हरीश वर्मा 31 साल निवासी अछोली एवं एक विधि से संघर्षरत बालक द्वारा घटनाकारित करना पुख्ता सबूत पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल फोन एवं 1 मोटर साइकिल को जब्त किया गया है। आरोपी मोहन वर्मा 27 साल निवासी चिचोला व हरीश वर्मा 31 साल निवासी अछोली को 1 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया।

### ट्रेन से धक्का देकर गिराया

उसके बाद आरोपी अपने दोस्त के साथ प्लान बनाया कि पीड़िता को आज डोंगरगढ़ बुलाकर समझाते हैं नहीं मानने पर उसे हमेशा के लिए रास्ते से अलग करना है। प्लान के मुताबिक नाबालिग बालिका को मिलने के लिए राजी किया। उसके बाद अपने दोस्त हरीश एवं एक अन्य नाबालिग दोस्त के साथ 28 मार्च की रात्रि में मोटर साइकिल से खैरागढ़ पिपरिया आए और नाबालिग बालिका का अपहरण किए। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन ले गए और बिलासपुर का टिकट कराकर रात्रि करीबन 12 बजे वेनगंगा एक्सप्रेस से बिलासुपर के लिए निकले। ट्रेन में सीट नहीं मिलने पर दरवाजे के पास ही बैठे थे। आरोपी मोहन वर्मा अपने साथी हरीश वर्मा व विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर नाबालिग बालिका को जान से मारने के नीयत से थाना मस्तुरी बिलासपुर के जयरामनगर रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेन से धक्का देकर नीचे गिरा दिए। जिससे उसकी वहीं मृत्यु हो गई।

### सीसीटीवी में दिखे

प्रकरण में विवेचना के दौरान चता चला कि नाबालिग बालिका का शव जयरामनगर गतौरा स्टेशन के बीच परसदा समपाट रेलवे फाटक के पास मिला है, जिस पर थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर में मर्ग धारा 194 बीएनएसएस कायम कर शव का शिनाख्त कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया है। विवेचना के दौरान नाबालिग बालिका के शव मिलने की पुख्ता खबर मिलेने पर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया। जांच के दौरान दिनांक घटना समय को अपहृता एवं आरोपीगण तथा विधि से संघर्षरत बालक चारो लोग डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में देखे गए।

### प्रेमी को साथ रखने दबाव डाल रही थी

पुलिस के अनुसार तकनीकी साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर प्रकरण के मुख्य संदेही मोहन वर्मा 27 साल निवासी चिचोला थाना ठेलकाडीह को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और घटना के बारे में बताया कि नाबालिग बालिका से आरोपी का लगभग 1 वर्ष से प्रेम-संबंध था तथा प्रेम-संबंध के दौरान आरोपी और नाबालिग बालिका का शारीरिक संबंध भी बना। उसी दौरान नाबालिग बालिका का मासिक धर्म रूक जाने पर आरोपी ने उसे टेबलेट खिलाया था। कुछ दिन बाद पीड़ति आरोपी को अपने साथ रखने के लिए दबाव डाल रही थी तथा नहीं रखने पर मरने का धमकी देती थी। जिससे यह काफी परेशान हो गया था, तब उक्त बात आरोपी ने अपने दोस्त हरीश वर्मा निवासी अछोली को बताया था।

# भक्तिमय रहेगा अप्रैल...आज हनुमान जयंती, 19 को परशुराम जन्मोत्सव, बैसाखी-गुड फ्राई डे त्योहार भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बुधवार से प्रारंभ हो रहे अप्रैल माह को लेकर लोगों में उत्सुकता है। कारण यह कि इस माह भी श्रद्धा भक्ति का माहौल रहेगा। श्री हनुमान जन्मोत्सव से लेकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया सहित अन्य पर्वों का क्रम रहेगा। आगामी माह लगातार पर्वों को मनाने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

अप्रैल माह में पर्वों और लगातार वैवाहिक मुहूर्तों को लेकर लोगों में उत्साह का वातावरण निर्मित है। इस माह लोगों की व्यस्तता बनी रहेगी। वहीं बाजार में भी चहल-पहल का वातावरण होगा।

पंचाग के मुताबिक 2 अप्रैल को श्रीराम भक्त हनुमान जन्मोत्सव, 3 अप्रैल को गुड फ्राई डे, 14 अप्रैल को बैसाखी, 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया प्रमुख है, जिसे लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो कि हनुमान जन्मोत्सव पर घर-घर व मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीराम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। शहर में इस मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारियां की जा रही है।

### माह के मध्य से लगातार मुहूर्त

इधर इस माह लगातर वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम भी बना हुआ है। जिसमें 15, 16, 20, 21, 25, 26, 28, 29 व 30 अप्रैल को लगातार वैवाहिक मुहूर्त है। ज्ञात हो कि गर्मी के मौसम के वैवाहिक मुहूर्तों में ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन किए जाते हैं। जिसका प्रमुख कारण इस मौसम में किसानों का किसानी कार्य ना के बराबर होता है। लिहाजा इस मौसम में मांगलिक आयोजन किया जाना अधिक पसंद किया जाता है।

**अक्षय तृतीया पर बिखरेंगी खुशियांः** अप्रैल माह में ही 14 अप्रैल को अंचल में बैसाखी पर्व भी मनाया जाएगा। इस पर्व को किसानों के लिए खास माना गया है। वहीं 19 अप्रैल को भगवान श्रीविष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व को अक्षय तृतीया के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन को शुभ मुहूर्त मानते हुए बड़ी संख्या में लोग शुभ व नए कार्य करते हैं। विशेषकर अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन अंचल में होने की संभावना है।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम कलगांव पोस्ट धमनार तहसील सकरी जिला धुले महाराष्ट्र निवासी प्रवीण खैरनार के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन महिन्द्रा एक्सयूवी 500 क्रमांक एमएच-18-एजी-9990 को छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कई स्कूलों द्वारा तीन माह की ट्यूशन फीस वसूलने की शिकायत

# 10वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए नहीं देनी होगी ट्यूशन फीस, केवल परीक्षा शुल्क का ही भुगतान करेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने कक्षा 10वीं के सेकंड बोर्ड एग्जाम के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने सभी स्कूलों से साफ कहा है कि वे छात्रों से किसी भी तरह की अतिरिक्त या अनधिकृत फीस न लें। यह निर्देश तब जारी किया गया, जब सीबीएसई को जानकारी मिली कि राज्य के कुछ स्कूल सेकंड बोर्ड परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा करते समय छात्रों से तीन महीने की ट्यूशन फीस तक मांग रहे हैं।

सीबीएसई ने इस तरह की वसूली को नियमों के खिलाफ बताया है। बोर्ड के अनुसार एनओसी फॉर्म भरते समय छात्रों से केवल परीक्षा शुल्क ही लिया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी तरह की फीस लेना पूरी तरह से गलत है। सीबीएसई कक्षा 10वीं की सेकंड बोर्ड परीक्षा मई 2026 में आयोजित करेगा।

**स्कूलों को दिए सख्त निर्देशः** सीबीएसई ने अपने आधिकारिक नोटिफिकेशन में कहा है कि सभी स्कूल बोर्ड के नियमों का सख्ती से पालन करें और किसी भी मल्लला गतिविधि को तुरंत बंद करें। अगर कोई स्कूल इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एलओसी फॉर्म जमा करने की पूरी प्रक्रिया स्कूलों के माध्यम से ही पूरी की जाएगी। यह सुविधा उन छात्रों के लिए होगी, जिन्होंने पहले मुख्य बोर्ड परीक्षा दी है। अगर कोई छात्र सेकंड बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहता है, तो उसके मुख्य परीक्षा के अंकों के आधार पर ही उसका रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

### शुरूआती चरण में कोई राशि नहीं

सीबीएसई के अनुसार द्वितीय बोर्ड परीक्षा उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है, जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इस परीक्षा में छात्र अधिकतम तीन विषयों में दोबारा परीक्षा देकर अपने नंबर बेहतर कर सकते हैं। सीबीएसई ने एलओसी फॉर्म भरने की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया है। बोर्ड के अनुसार यह प्रक्रिया तीन चरणों (फेज) में पूरी की जाएगी। पहले चरण में केवल एलओसी फॉर्म भरा जाएगा। इस समय किसी भी तरह की फीस नहीं देनी होगी। इसका उद्देश्य सिर्फ यह जानना है कि कितने छात्र सेकंड बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, ताकि सीबीएसई आवश्यक तैयारियां कर सके। दूसरे और तीसरे चरण में छात्र अपनी जानकारी में बदलाव कर सकते हैं, विषय जोड़ या हटा सकता है और अंत में परीक्षा शुल्क जमा कर एलओसी फॉर्म को फाइनल कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### रूद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा 9 से



**साल्हेवारा।** देवपुरा घाट में आगामी 9 अप्रैल से रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन 15 अप्रैल तक चलेगा। पंडित मोहन नारायण शास्त्री श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का रसपान करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। दोपहर 2 बजे से शिव महापुराण कथा का वाचन होगा। इस दौरान पार्थिव शिवलिंग पूजन, अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। ग्रामवासियों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### सेवानिवृत्त सहायक राजस्व निरीक्षक को बिदाई



**अंबागढ़ चौकी।** सहायक राजस्व निरीक्षक जलील अहमद रब्बानी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को बिदाई दी गई। श्री रब्बानी को नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियो ने बाजे गाजे के साथ उनके निवास तक छोड़ा।चालीस वर्श तक सेवा देने वाले श्री रब्बानी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ विजय पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अषोक वर्मा, पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, किशुन पटेल, झरनेश कुंभकार आदि ने श्री रब्बानी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हे कर्तव्यनिष्ठ सेवक बताया। इस मौके पर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि बहुत कम सेवक ऐसे होते है जो जहां भर्ती होते है वही से सेवानिवृत्त होते हैं। श्री रब्बानी ने निर्विवाद रूप से अपनी सेवा पूरा किया। समारोह का संचालन तिलक यादव एवं आभार ज्ञापन बिट्टु रब्बानी ने किया। इस मौके पर महेश निषाद, दशरथ शर्मा, रामसाय पटेल, रामकुमार देवांगन, कंचन लकडा, रघुवेन्द्र खरे, सोफू जिलानी, जीवन पटेल, श्यामा यादव, लोकेश सलामे सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण आज

**डोंगरगढ़।** प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है जिसका कल 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर लोकार्पण किया जाएगा।मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे होंगे। अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश भंडारी, प्रीति चमन समुंद्रे एवं सुमित ताम्रकार उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण के पश्चात प्रेस क्लब की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

### शिक्षकों से उगाही की शिकायत

**डोंगरगढ़।** ब्लाक और नगर में पदस्थ शिक्षकों की सर्विस बुक एवं जीपीएफ पास बुक संधारण के नाम पर 15 सौ से 17 सौ तक वसूलने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि संकुल समन्यवयक के माध्यम से राशी की उगाही की जा रही है। इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी के भी सम्मिलित होने की चर्चा हैं। इधर इस मामले से कुछ संकुल समन्वयकों ने पल्ला झाडते हुए कहा कि वह राशि वसूल कर रहे है। उन्होंने फोन से बात करने से मना कर दिया जबकि उच्च अधिकारी के मौखिक आदेश पर शिक्षक राश देने की बात कह रहे हैं। इसी प्रकार स्कूल भवन मरम्मत, पुताई और कम्प्युटर खरीदी के अलावा गैर हाजिर शिक्षकों को पूरा वेतन भुगतान करने के कई मामले सामने आ रहे है। जानकारी के अनुसार स्कूलों को दो बार मिलने वाली राशि का फर्जी बिल बनाकर आहरण कर लिया गया है। इसी प्रकार ट्रेनिंग को निर्धारित समय से पहले खत्म कर पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है।

### महावीर जयंती में निकली शोभायात्रा

**अंबागढ़ चौकी।** भगवान महावीर जयंती नगर में उल्लासपूर्वक मनाया गया। जयंती के अवसर पर जैन समाज ने शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। जैन स्थानक से प्रांरभ शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद वापस जैन भवन पहुंची। इस अवसर पर जैन समाज के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।

## आवाजाही करने में सालों से हो रही थी परेशानी

# प्रशासन ने मुंह फेरा तो वार्डवासियों ने चंदा कर बनाया नाली का स्लैब

### लगातार अनदेखी के बाद नागरिकों ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के तिराहे पर लंबे समय से व्याप्त समस्या से तंग आकर जागरूक नागरिकों ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के पास बार-बार गुहार लगाने के बाद भी सुध न लेने पर नागरिकों ने आपस में चंदा कर श्रमदान करते हुए नाली पर स्लैब का निर्माण कर दिया।

जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती कार्यकाल के दौरान सड़क के क्रॉसिंग पर नाली का निर्माण तो किया गया था, लेकिन उस पर स्लैब बहुत ही संकरा बनाया गया था। यहां से मजबूर होकर राहगीर आना जाना कर रहे थे। बीते कुछ माह पूर्व वह स्लैब भी पूरी तरह टूट गया, जिससे राहगीरों के लिए आवागमन जोखिम भरा हो गया था। मोहल्लेवासियों ने कई बार नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से स्लैब बनवाने का निवेदन किया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला।



**स्वयं बने व्यवस्था के रक्षक**

लगातार अनदेखी से परेशान होकर वार्डवासियों ने जन सहयोग का रास्ता चुना। नामदेव मंच के पास मोहल्लेवासियों ने पहल करते हुए राशि जुटाई और श्रमदान कर स्लैब का निर्माण किया। इस नेक कार्य के लिए आसपास के लोगों ने उनकी सराहना की है।

**अनुपयोगी निर्माण पर सवाल**

नगर के विभिन्न वार्डों में व्याप्त समस्याओं के बीच नगर पंचायत के विकास कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जनसमस्याओं की ओर ध्यान न देकर ऐसी जगहों पर चेकर टाइल्स और अनावश्यक निर्माण कराए जा रहे हैं, जहां उनकी आवश्यकता नहीं है। नगर में चर्चा है कि जनहित के कार्यों को छोड़कर केवल कमीशन के चक्कर में मनमर्जी से निर्माण कराए जा रहे हैं।

**पांच साल से स्थिति जस की तस**

उक्त तिराहे के समीप विवेक नामदेव के घर के सामने भी नाली निर्माण के दौरान ठेकेदार ने स्लैब नहीं डाला था। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पिछले कार्यकाल में ठेकेदार ने नाली निर्माण तो कर दिया लेकिन स्लैब डालना भूल गया या जानबूझकर छोड़ दिया, जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।

# जमीन का सीमांकन कराने सात साल से भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

■ छह अप्रैल से आमरण अनशन करने की घोषणा

ग्राम जादूटोला शिकारीटोला निवासी 75 वर्शीय आदिवासी किसान ने जमीन के सीमांकन की मांग को लेकर 6 अप्रेल से राजस्व कार्यालय के सामने आमरण अनशन करने की घोषणा की है।

किसान की षिकायत है कि सात सालों से शिकारीटोला स्थित जमीन का सीमांकन नहीं किया गया है। वह सात सालों से न्याय पाने के लिए भटक रहा है। सुशासन पर्व एवं कलेक्टर के जनदर्शन में फरियाद करने के बाद भी न्याय नहीं मिला है।

राजस्व विभाग से पीडित किसान देवनारायण नेताम ने बताया कि शिकारीटोला में उसकी जमीन खसरा नंबर 184/2 एवं 22/4 का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। पीडित ने बताया कि सात साल पहले जब सीमांकन किया गया तब विभाग के कर्मियो ने कई गडबडिया कर दी है।

सीमांकन रिपोर्ट में भी सीमांकन करने वालों के हस्ताक्षर नहीं है। वह सात साल से पुनः सीमांकन कराने के लिए राजस्व कार्यालय के चक्कर काट रहा है लेकिन सुनवाई नही हो रही है।

श्री नेताम ने बताया कि पिछले वर्श उसने सुशासन पर्व में बांधाबाजार कैंप एवं कलेक्टर के जनदर्शन में अर्जी लगाई लेकिन किसी तरह की राहत नही मिली है। अब उसके सामने आमरण अनशन करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

**जांच करने कहा गया**

तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो ने बताया कि किसान की शिकायत मिली है। जांच एवं कार्रवाई के निर्देष दिए गए हैं।

# प्रतिमा स्थापना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



किसान अधिकार संघर्ष समिति द्वारा कल गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव पर विचारपुर पंडरिया मैदान में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस मंदिर का निर्माण 55 गांव के सहयोग से किया गया है। आयोजन के तहत बुधवार से प्रतिमा स्थापना स्थल में लगातार राम नाम का जाप किया जा रहा है। जिसके पूर्ण होने के पश्चात कल गुरूवार को मंत्रोच्चार के साथ दक्षिण मुखी हनुमान की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार कल गुरूवार की सुबह हनुमान जन्मोत्सव पर पंडरिया हनुमान मंदिर से विचारपुर मैदान तक कलश यात्रा निकाला जाएगा जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे।

**आस्था और एकता का संगम**

गुरूवार को पंडरिया विचारपुर मैदान में 55 गांव के लोगों की आस्था और एकता का संगम देखने मिलेगा। संकट मोचन हनुमान मंदिर का निर्माण किसान अधिकार संघर्ष समिति ने कराया है। प्रतिमा स्थापना के बाद भव्य भोजन भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे महापंचायत का आयोजन होगा जिसमें फैक्ट्री की प्रस्तावित परियोजना को स्थगित कराने के संबंध में रणनीति बनाया जाएगा। महापंचायत में समिति के संरक्षक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, सुधीर गोलछा, अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल, कामदेव जंघेल, श्रवण जंघेल, राजकुमार जंघेल, प्रियंका चंदेल, सौरभ जंघेल, मन्नू चंदेल, संजू चंदेल, प्रमोद सिंह, संतोष यदु, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, ऐमन जंघेल, विक्रम सिंह, लक्की जंघेल, तेजेश्वर जंघेल, वीरेन्द्र वर्मा, कैलाश वर्मा सहित अन्य शामिल होंगे।

# अब बूथों एवं पंचायतों में भी अध्यक्ष बनाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



ग्राम शिवपुरी स्थित सतनाम भवन में कांग्रेस के बूथ सृजन- पंचायत सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल प्रभारी राजू सिंह राजपूत का कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने कहा कि बूथ चलो अभियान के तहत बैठक कर कार्यकर्ताओं की राय से बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि बूथ अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष का सीधा लिंक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय नेताओं के साथ रहेगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी भी पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष से बात कर सकते हैं। पंचराम चंदेल ने अपने-अपने बूथ में मजबूती से काम कर लीड दिलाने का आव्हान किया। ढारा मंडल प्रभारी राजू सिंह राजपूत ने बताया कि हर बूथ में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं की राय से अध्यक्ष बनाया जाएगा। बैठक में हरक पटेल, ईश्वर नेताम, पीलाराम साहू, अभिषेक सेन, हेमंत सेन, माखन साहू, जागेश्वर साहू, वेदराम खरे, दशरथ, सुमन कंवर, मनोज मंडावी, दुलरू कंवर, देवकुमार चंदेल, यशुराज, प्रदीप जांगड़े, बिसौहा कंवर, दुवाला कंवर, जोत सिंह कंवर, देवचरण चंदेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### विजय वर्मा बने उपाध्यक्ष, योगेश को सचिव का दायित्व





**सड़क अतरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है जिसमें प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विजय वर्मा को कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं योगेश जंघेल को जिला सचिव की दायित्व मिला है। उपाध्यक्ष पद मिलने पर श्री वर्मा ने कहा कि पार्टी ने विश्वास कर जिला स्तर पर काम करने का मौका दिया हैजिसे वह बखूबी पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब उन्हें जिलास्तर की जिम्मेदारी मिली है। वहीं योगेश जंघेल ने दल को बजबुत करने की बात कही। उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक यशोदा वर्मा, मोतीलाल जंघेल, गिरवर जंघेल, गजेन्द्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, कामदेव जंघेल, संतोष यदु, कविता जंघेल, राजकुमार साहू, लिखन जंघेल, गोरे लाल, कैलाश वर्मा, घसिया राम, संत कुमार, राहुल सिंह, हिरामन, केदार जंघेल, रूपेन्द्र वैष्णव, प्रेमलाल, रोहित पुलस्त्य, राधामोहन, देवकुमार जंघेल, विष्णु जंघेल, जैनूल खान, मुकेश जंघेल, ओमप्रकाश जंघेल, पीलाराम आदि ने बधाई दी है।

### नपं में इंजीनियर और बाबू की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकास को गति देने के लिए लाल बहादुर नगर को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है और राशि भी स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में लगभग 5 करोड के काम जारी है और लगभग 5 करोड के काम शुरू होना हैं। निर्माणधीन कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। नगर पंचायत में पदस्थ इंजीनियर और बाबू की छुरिया में भी पोस्टिंग है। वह एकाध दिन ही लाल बहादुर नगर आते है जिसके चलते ठेकेदार के मन मुताबिक काम करा रहे है। इंजीनियर बिना मौका मुआयना के मूल्यांकन कर रहा है। जनप्रतिनिधियों ने स्थाई इंजीनियर और बाबू पदस्थ करने की मांग की है।

## राजपूत समाज का महाधिवेशन आयोजित

# महाअधिवेशन में गतिविधियों पर मंथन, दो जोड़ों का हुआ ब्याह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव




राजपूत समाज महासभा का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन नगर में उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान विविध आयोजनों के साथ दो जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। सामाजिक पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

महासभा के मिडिया प्रमुख आदर्श सिंह ने बताया कि महाधिवेशन के पहले दिन ध्वजा अवरोहण के साथ ज्योति कलश की स्थापना कर पूजा अर्चना किया गया। महिला मंडल का परिचय सम्मेलन, करियर काउंसलिंग एवं महिला मंडल की पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

पूर्व महिला पदाधिकारी का सम्मान करने के थे नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। महासभा के पदाधिकारी का सम्मान पगड़ी, तलवार, तिलक माला से किया गया।

इस दौरान निकली भव्य शोभायात्रा में तलवार बाजी का प्रदर्शन किया गया। वार्षिक पत्रिका शौर्य का विमोचन किया गया।

**उपसमिति सम्मानित**

इस मौके पर उत्कृष्ट उप समिति का पुरस्कार थानखमरिया एवं धमधा को दिया गया। आयोजन के दूसरे दिन दो जोड़ों का आदर्श विवाह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खुला मंच में सभी ने अपने विचार रखे। इससे पूर्व वार्षिक प्रतिवेदन महासचिव कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। केंद्रीय कार्यालय हेतु भूमि क्रय करने सामाजिकजनों ने राशि देने की घोषणा की।

**शौर्य का प्रदर्शन**

समाज के युवक युवतियों ने शौर्य कला का प्रदर्शन करते हुए तलवार चालन किया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा 30 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने अपनेसम्बोधन में राजपूत समाज के शौर्य और वीरता की सराहना करते हुए कहा कि सभी जय श्री राम और भारत माता की जय बोल रहे है इसमे महत्वपूर्ण भूमिका राजपूत समाज की है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा गर्व है कि हम महाराणा प्रताप के वंशज और राम के भक्त है।

**गतिविधियों पर डाला प्रकाश**

महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने साल भर की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमि क्रय करना बड़ा लक्ष्य है। समाज की महिलाओं को एक अलग स्थान और कार्य दिया गया है।समाज में सामूहिक विवाह को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**बच्चों और जनप्रतिनिधियों का सम्मान**

अधिवेशन में कक्षा 12वीं में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा जनप्रतिनिधि एवं राज्यपाल पुरस्कार सम्मानित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

**मौजूद रहे सामाजिकजन**

इस अवसर पर हस्तशिल्प विकास कला बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, कोमल राजपूत, दिनेश गांधी, पूर्व विधायक भूपेंद्रसिंह चौहान, उजियारसिंह पवार, होरीसिंह डौड़, किशोर बनाफर, दानेन्द्रसिंह, विनोद सिंह, सुखनंदन सिंह, गणेश सिहं,पूनम सिंह, धनराज सिंह, रधुवीर सिंह, लीलाशंकर, राजू सिंह, बहल सिंह, सुरजीत सिंह, दीपक सिंह,शशि सिंह, सरोज सिंह, दुष्यंत सिंह, सौरभ सिंह, रविसिंह ठाकुर, रोहिताश भुवाल, लोकेश्वर सिंह, पीतांबर सिंह, पियाशू सिंह, विष्णु सिंह,अविनाश सिंह, बजरंगसिंह बैस, नरेंद्र सिंह, पंकज भुवाल, नीरजसिंह क्षत्रिय, अशोक ठाकुर, सत्येंद्र राजपूत, घनश्यामसिंह, अजय सिंह, डॉ जितेन्द्र सिंह, रश्मि राजपूत, मधुबाला सिंह, अनुराग सिंह, महेंद्र क्षत्रिय, पवन ठाकुर, राखी ठाकुर, निशा ठाकुर, नीरजसिंह, चन्द्रपाल सिंह, भूपेन्द्रसिंह, शेरसिंह, आरन सिंह, जितेंद्र सिंह, लोमश सिंह, थलेन्द्र सिंह, पद्मिनी ठाकुर, अमर सिंह, विनोदसिंह आदि मौजूद थे।

# शिक्षा से जुड़ें और छोड़े बुराइयां : मानिकपुरी

## यादव समाज का सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



ढाढुटोला में रविवार को झेरिया यादव समाज की तहसील इकाई का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी थे। उन्होंने समाज के विकास और संगठन की मजबूती के लिए शिक्षा अपनाने और सामाजिक बुराईयो को दूर करने पर जोर दिया। उन्होने समाज के विकास के लिए भावी पीढी को शिक्षित करने का आहवान किया।

झेरिया यादव समाज के सम्मेलन की अध्यक्षता जेआर यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सदस्य शेषश्वरी ध्रुवे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, जनपद सदस्य देवकी यादव, उषा यादव, सेवक यादव उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना एवं शोभायात्रा से हुआ। सम्मेलन में पदाधिकारियों के परिचय बाद कार्यों एवं आय व्यय पर चर्चा की गई। इस मौके पर सामाजिकजनों को नियमों की जानकारी समाज के प्रदेश प्रवक्ता देवकुमार यादव ने दी। सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया गया।

**वरिष्ठजनों का सम्मान**

सम्मेलन में समाज के विकास तथा मजबूती के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले बुजुर्गों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में समाज का नाम रौशन करने वाले बच्चों को पुरूस्कृत किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी।

**अच्छा इंसान बनाने करें पढ़ाई**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि पढाई डिग्री एवं नौकरी के लिए नही बल्कि एक अच्छा इंसान बनाने के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम कितनी भी डिग्रियां हासिल कर ले और बडे ओहदे पर पहुंच जाए किन्तु हम अच्छा इंसान न बन पाए तो हमारी पढाई बेकार है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### विस अध्यक्ष ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

# जिले को मिली 13 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की बड़ी सौगात

## जिले को तीन और नई एंबुलेंस की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बुधवार को भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। साथ ही जिले को 3 और नई एम्बुलेंस की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस प्रकार कुल 13 अत्याधुनिक एम्बुलेंस जिले में सेवाएं देने के लिए उपलब्ध हो गई हैं, जिन्हें जीवीके ईएमआरआई संस्थान द्वारा संचालित किया जाएगा। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि जिले को नई संजीवनी एक्सप्रेस मिलने से स्वास्थ्य सुविधाओं को नई गति और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले सहित प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ और आगे बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम को समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डॉक्टर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### यह सेवा जनता के लिए उपलब्ध

विस अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना को वर्ष 2011 में शुरू की गई। 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा ने अब तक जिले में 1 लाख 26 हजार 990 लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया है। वहीं पिछले वर्ष 8 हजार 463 महिलाओं ने इस सेवा से लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हजारों जीवन बचाने वाली यह सेवा अब और अधिक सक्षम स्वरूप में जनता के लिए उपलब्ध है।




### स्वास्थ्य सुरक्षा होगी मजबूत

सांसद संतोष पांडे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ का नक्सलमुक्त होना देशभर के लिए गर्व की बात है और यह मजबूत नेतृत्व की देन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को 13 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की बड़ी सौगात दी है। सांसद ने कहा कि 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा विशेष रूप से दूरस्थ, पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन रक्षक भूमिका निभाती रही है और नई एम्बुलेंस स्वास्थ्य सुरक्षा को और भी मजबूत बनाएगी।

### महापौर ने जताया आभार

महापौर मधुसूदन यादव ने जिले में 13 नई एम्बुलेंस की शुरूआत पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संजीवनी एक्सप्रेस ने अब तक लाखों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई एम्बुलेंस उन्नत उपकरणों और जीपीएस तकनीक से लैस है। जिनसे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित आपातकालीन सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी।

### आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण मौजूद

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज नक्सल समस्या से बाहर निकलकर स्थायी शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या से मुक्त करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का योगदान ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले को मिली 10 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस में 8 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल है। साथ ही 3 नई एम्बुलेंस की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिला अस्पताल के लिए 4, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 5 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 1 एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि नई एम्बुलेंस में लोकेशन बेस्ड सर्विस और मोबाइल डेटा टर्मिनल प्रणाली जोड़ी गई है। जिससे एम्बुलेंस की लाइव लोकेशन, रिस्पॉन्स टाइम और मरीज तक पहुंच का समय में मॉनिटरिंग की जा सकेगी। एएलएस एम्बुलेंसों में बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन और सभी आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण मौजूद है। 108 संजीवनी सेवा का रिस्पॉन्स टाइम शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट तय किया गया है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं, आपात प्रसूति, सीजेरियन और अन्य स्थितियों में त्वरित सहायता मिल सकेगी।

# खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन, जेसीबी और हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा आज ग्राम भर्रेगांव, खुटेरी, रवेली, कोटरासरार, अर्जुनी, भोथली, बाघमार सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज अमला द्वारा खनिज मुरूव व मिट्टी एवं मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम खुटेरी निवासी गोविंद साहू के स्वामित्व की हाईवा-सीजी 07 बीएम 2500 से वाहन चालक ग्राम सिकोला निवासी टोमन यादव द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध परिवहन तथा ग्राम देवरी निवासी रूपेश साहू के स्वामित्व की जेसीबी-सीजी-24-यू-4031 से वाहन चालक ग्राम केंवट नवागांव निवासी मोहित कुमार द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

# जिला चिकित्सालय में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन

**राजनांदगांव।** जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बचाव के लिए प्रतिदिन निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में अब तक 53 पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बचाव के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। साथ ही यह टीका एचपीवी संक्रमण के कारण होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने प्रभावशील है। भारत में 14 वर्ष की लड़कियों, जिन्होंने अपना 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है, ऐसे सभी बालिकाओं को यह टीका लगाया जा रहा है। वैक्सीन के किसी भी प्रकार का कोई दुष्परिणाम नहीं है। वैक्सीन हेतु डॉक्टर की निगरानी पर केवल 30 मिनट बैठना होता है। टीकाकरण के लिए हितग्राही युवीन के माध्यम से भी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते है।

### एक बड़ा कदम

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि आगामी समय में जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीका लगाया जाएगा। यह वैक्सीन सुरक्षित भविष्य की ओर एक बड़ा कदम है। कैंसर आज सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की चिंता का कारण बन चुका है। खासकर बात बेटियों की हो तो हर मां-बाप के दिल में एक ही डर होता है, कहीं उनकी बच्ची गंभीर बीमारी की शिकार ना हो जाए। सर्वाइकल कैंसर ऐसी ही एक खतरनाक बीमारी है, जो चुपचाप महिलाओं की सेहत को नुकसान पहुंचती है। जिले के सभी अभिभावक अपने बच्चे जिन्होंने 14 साल का जन्मदिन मनाया है और 15 साल का जन्मदिन नहीं मनाया है, जिला चिकित्सालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर एचपीवी वैक्सीन लगवाने में योगदान देने की अपील की है।

# कर्मवीर रत्न से सम्मानित हुए व्याख्याता थंगेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान कर्मवीर रत्न 2026 से सम्मानित हुए।

यह आयोजन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल सिविल लाइन में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में एक भव्य एवं गरिमा में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह अकादमी के संस्थापक राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित मीना भारद्वाज एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारी के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारे उत्कृष्ट शिक्षकों, समाजसेवियों एवं कलाकारों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गुरू खुशवंत साहेब, अध्यक्षता मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म बोर्ड विकास निगम, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, चातुरी नंद विधायक सरायपाली आदि रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

कार्यक्रम में वर्ष 2026 में राज्यपाल पुरस्कार चयनित शिक्षक शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य, सामाजिक सेवा, साहित्य सृजन, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, शाला त्यागी एवं पिछड़े बच्चों के लिए उत्कृष्ट कार्य, बालिका शिक्षा, स्वच्छता, शराबबंदी पर जागरूकता अभियान, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान तथा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्माननीय चिन्ह प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर 22 मार्च को राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के 140 परीक्षा केन्द्रों में लगभग 2906 परीक्षार्थी हुए। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रश्मि सिंह ने बताया कि परीक्षा दिलाने के लिए शिक्षार्थियों में उत्साह रहा। उन्होंने बताया कि किसी कारणवश शिक्षा प्राप्त नहीं करने वाले 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के शिक्षार्थियों का चिन्हांकन कर स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन कार्य संपन्न कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षार्थी अपने आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा कर परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर परीक्षा दिलाई। परीक्षा के आयोजन के लिए चयनित ग्रामों के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षार्थी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सुविधानुसार परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर शिक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए। ग्राम अंजोरा में मां बेटा ने एक साथ परीक्षा दिलाई। जिला जेल में संचालित उल्लास साक्षरता केन्द्र में 7 निरक्षर बंदीयों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा केन्द्र में परीक्षा संचालन हेतु परीक्षा केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों का केन्द्राध्यक्ष पर्यवेक्षक, स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने परीक्षार्थियों का केन्द्र तक लाने में अपना सहयोग दिया।

# जिला निषाद समाज परिक्षेत्र भर्रेगांव का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला निषाद समाज राजनांदगांव परिक्षेत्र भर्रेगांव का चुनाव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद व पर्यवेक्षक टीकम निषाद की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार सोनवानी, सहायक निर्वाचन अधिकारी दाताराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी हरिराम निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रेमप्रकाश निषाद, विद्युत विभाग कम्प्यूटर आपरेटर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत निषाद ने छगन निषाद को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर 1 मत से निर्वाचित घोषित किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।



### छगन 1 मत से हुए विजयी, शेष पद पर निर्विरोध

सहायक निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि अध्यक्ष छगन निषाद ठेकवा को 46 मत, भूषण निषाद को 45 मत व गौतम निषाद को 37 मत प्राप्त हुए। मतदाता की कुल संख्या 154 में 128 मतदाताओं ने मतदान किया। परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारीगण उपाध्यक्ष तिलकराम निषाद धामनसरा, महासचिव अमृतराज निषाद बुचीभरदा, कोषाध्यक्ष बंशीलाल निषाद कुसमी, अंकेक्षक तोरनलाल निषाद सिंघोला, सचिव चुम्मन सिंह निषाद धामनसरा, सह-सचिव देवराज निषाद उसरीबोड, संगठन सचिव अरविंद निषाद बुचीभरदा, उप संगठन सचिव उगेश्वर निषाद बेलटिकरी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिव्या निषाद कोसमी, कार्यालय सचिव महेश्वरलाल निषाद भर्रेगांव को निर्विरोध निर्वाचित होने पर जिला संगठन राजनांदगांव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# नीरज विद्या मंदिर में मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम) मोहड़ में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने बच्चों का स्वागत किया। उन्हें तिलक लगाया गया। साथ ही चॉकलेट्स भी वितरित किए गए।



इस अवसर पर शिक्षकवृंद द्वारा नियमित प्रार्थना सभा एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। संगीत शिक्षक डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के नेतृत्व में प्रेरक गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि हर अवसर महत्वपूर्ण होता है और इसका अधिक से अधिक लाभ छात्र-छात्राओं को उठाना चाहिए।

प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने कहा कि नए संकल्प के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन में जुट जाना चाहिए। कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए इसी वर्ष सीबीएसई कौशल विषय के अंतर्गत कोडिंग विषय प्रारंभ होगा। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा कोडिंग मॉड्यूल परीक्षा उपरांत उन्हें सीबीएसई से सर्टिफिकेट मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस एकमात्र सीबीएसई स्कूल का अधिकाधिक लाभ अपने बच्चों के लिए उठाएं। उन्होंने स्कूल के शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षा सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा परिणामों को संस्था की उपलब्धि बताया। संस्था के प्रशासक जी. राम सिन्हा ने बताया कि संस्था में प्रवेश प्रारंभ है। यह जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# विस अध्यक्ष रमन ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह को लिखा पत्र

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर नक्सलवाद से मुक्ति पर उनका



आभार जताया। उन्होंने पत्र में लिखा कि 31 मार्च 2026 का यह ऐतिहासिक दिन राष्ट्र के लिए एक नई आशा और नई सुबह लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और आपके दृढ़ संकल्प से दशकों से नक्सलवाद के कष्ट झेल रही भारत भूमि अब अलोकतांत्रिक विचारधारा से पूरी तरह मुक्त हुई है। संविधान विरोधी शक्तियों ने दशकों से भारत भूमि को भीतर से चोंट पहुंचाई है। माओ और लेनिन जैसी लोकतंत्र विरोधी विचारधारा ने नक्सलबाड़ी से लेकर बस्तर तक हजारों निर्दोष लोगों को अपना शिकार बनाया, विकास को बाधित कर आदिवासियों को मुख्यधारा से अलग करने का काम किया और इसका परिणाम हमनें छत्तीसगढ़ की धरती पर देखा है। अंत में उन्होंने लिखा कि अब जब बस्तर में नक्सलवाद खत्म हो चुका है, यहां विकास का नया दौर शुरू होगा।

### वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर सुबह पहुंचे दुर्गा चौक-हीरामोती लाइन

# पानी की समस्या के समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड निरीक्षण की कड़ी एवं पानी समस्या पर वार्ड क्र. 39 स्थित दुर्गा चौक में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सक्रियता दिखाते महापौर मधुसूदन यादव वार्ड पहुंचे। नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत शैकी बग्गा, सावन वर्मा, रवि सिन्हा, सतीश साहू, शरद सिन्हा, अजय श्रीवास्तव व रितेश देवांगन के साथ वार्ड का व्यापक भ्रमण कर नागरिकों से सीधा संवाद किया और विशेष रूप से पेयजल की समस्या सुन निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया।



महापौर श्री यादव के वार्ड नं. 39 पहुंचने पर नागरिकों ने गर्मी के मौसम में बढ़ती पानी की किल्लत से अवगत कराया, जिस पर महापौर ने तत्परता दिखाते समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित करते वार्ड के पेयजल समस्या वाले तीन प्रमुख स्थानों पर बोरिंग में समर्सिबल पंप तथा पानी टंकी लगाने की तत्काल कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस पहल से वार्डवासियों को शीघ्र ही राहत मिलेगी और जल संकट से निजात मिलेगी।

### जताया आभार

पार्षद रवि सिन्हा ने महापौर श्री यादव का आभार व्यक्त करते कहा कि वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों ने भी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते कहा कि इस प्रकार की त्वरित कार्रवाई से उन्हें काफी राहत मिलेगी।

# छात्रों ने महाविद्यालय का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा आयोजित "सैयद अफजाल अहमद रिज़वी मूट कोर्ट प्रतियोगिता" में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।



प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों अनिरुद्ध विधि एवं पूर्वा ने भाग लिया और प्रभावशाली ढंग से अपने पक्ष को प्रस्तुत किया। छात्रों ने विधिक तथ्यों, प्रासंगिक न्यायिक दृष्टांतों तथा तार्किक तर्कों के माध्यम से उत्कृष्ट वकालत कौशल का प्रदर्शन किया। जिसकी सराहना निर्णायक मंडल द्वारा भी की गई। प्रतियोगिता के अंत में दोनों प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा एवं मूट कोर्ट प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुरभि अग्रवाल विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं विधि के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि इनके माध्यम से उन्हें न्यायालयीन कार्रवाई का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर छात्रों ने विधिक अनुसंधान की क्षमता विकसित की, मौखिक एवं लिखित प्रस्तुतीकरण कौशल में सुधार किया, न्यायालयीन शिष्टाचार एवं प्रक्रिया की समझ प्राप्त की, आत्मविश्वास एवं तर्क शक्ति को सुदृढ़ किया। प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

## सार समाचार

### पारीनाला में हनुमान जन्मोत्सव पर रामधुन भजन

**राजनांदगांव।** श्री रामधाम अयोध्या पारीनाला के समीप 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर माधुन भजन-कीर्तन का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक किया गया है। जीई रोड पारीनाला में सीताराम बैंक की स्थापना पश्चात सामूहिक प्रयास से राम-नाम लेखन मंत्र तीन करोड़ तेईस लाख तेरह हजार दो सौ बत्तीस संकलित रामनाम पत्र हो गया है। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर राम नाम लिखने की इच्छा रखने वालों को राम नाम पत्रक भी दिया जाएगा। उक्त जानकारी प्राचीन शिव श्रीरामधाम अध्योध्या पारीनाला के पुजारी महंत रामकुमार साहू एवं पूरनलाल साहू ने दी।

### हीरामोती वार्ड में सिलाई प्रशिक्षण जारी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 हीरामोती वार्ड के सामुदायिक भवन में 60 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण



कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पार्षद रवि सिन्हा ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से संवाद करते उन्हें मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं अपने हुनर को रोजगार में परिवर्तित करने प्रेरित किया। पार्षद श्री सिन्हा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अध्ययन सामग्री के रूप में कॉपी एवं पेन का वितरण भी किया गया। जिससे उन्हें प्रशिक्षण के दौरान नोट्स बनाने एवं सीखने में सुविधा मिल सके। पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलता है और वे अपने परिवार की आय में सहयोग कर सकती है। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें नया कौशल सीखने का अवसर मिल रहा है। जिससे भविष्य में रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दिनों में भी नियमित रूप से संचालित होता रहेगा।

### लोक कलाकारों ने दाऊ मंदराजी को किया याद

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी को



उनकी 125वीं जयंती पर लोक कलाकारों द्वारा उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया। वार्ड नं. 33 कन्हारपुरी में आयोजित दाऊ मंदराजी जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले व अध्यक्षता राकेश इंदू भूषण ठाकुर ने की। इस अवसर पर चतुर सिंग बजरंग, आत्माराम कोशा, महादेव हिरवानी, शिव वर्मा, प्रेमलाल साव, पवन यादव, आनंदराम सार्वा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री पिल्ले ने दाऊजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर उनके अवदान को याद किया और कहा कि उनकी कृपा प्रसाद से नाच रंग-कर्म देश-दुनिया तक छा गया। ऐसे महान आत्मा को उनकी जयंती अवसर पर याद करना हमारा कर्तव्य बन उठता है। उन्होंने दाऊजी की याद में शहर के पारीनाला चौक का नाम दाऊ मंदराजी चौक नामकरण किया जाने की बात कही। जिसका लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। अध्यक्षता करते राकेश इंदू भूषण ठाकुर ने कहा कि इस रंग विधा के लिए अपने दो-दो गांव की ज़मीदारों न्योछावर कर देने वाले इस पुरोधा ने शहर में मां दुर्गा की स्थापना कराकर और अपनी नाचा कर इस चौक को दुर्गा चौक नाम दिया। ऐसे महान शख्स के नाम पर एक चौक का नामकरण किया जाना दाऊजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान प्रकाश बजरंग, अनिल हिरवानी, धनेश्वर साहू, ललित बजरंग, राजू नाग, मोतीलाल साहू, महावीर साहू, लोकेश समेत अन्य लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी पवन यादव ने दी।

### गांजा तस्करी, फरार आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी की पता तलाश कर सोमनी पुलिस ने कार्रवाई की है। पूर्व में इस मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 जुलाई 2025 को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि टाटा ट्रक में अवैध रूप से गांजा जैसा मादक पदार्थ छुपाकर उड़ीसा से महाराष्ट्र ले जा रहा है, जो दुर्ग से राजनांदगांव जीई रोड़ होते हुए निकलने वाला है। इस मामले में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के आरोपी भरत कुमार सिंह 32 साल साकिन ताजपुर थाना माझी जिला छपरा बिहार एवं पुरन लाल लड़िया उर्फ राजू 28 साल साकिन ग्राम कुम्प्रोडा (रिचई) थाना सुआताला जिला नसिंगपुर (मप्र) हाल झांकड़पारा धनकौड़ा जिला संबलपुर उड़ीसा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया था। पुलिस ने की कार्रवाई- प्रकरण में फरार आरोपी पवन रात्रे उर्फ इमरान 23 साल निवासी बलौदा जिला जांजगीर-चांपा का पता तलाश कर हिरासत में लेकर मामले के संबंध में बारीकी से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार किया है। मामला जुर्म अजमानतीय होने से न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया है।

### भंडारे का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के दिग्विजय स्टेडियम परिसर में जिम परिवार द्वारा कल 2 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से शाम 7 बजे से भंडारा स्वरूप प्रसादी ग्रहण करने अपील की गई है।

### रेवाडीह में मूर्ति स्थापना आज

**राजनांदगांव।** रेवाडीह वार्ड क्र. 21 में बूढ़ादेव मंदिर परिसर में नवनिर्मित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर भव्य मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन 2 अप्रैल को किया गया है। आयोजन समिति नवदिव्य मां दुर्गा उत्सव समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से यह तीन दिवसीय आयोजन आयोजित है। जितेन्द्र कौशिक ने उक्त आयोजन के संबंध में बताया कि इस भव्य आयोजन में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें कल 31 मार्च को कलश स्थापना, गौरी गणेश पूजा, जल अधिवास, अन्न अधिवास, 1 अप्रैल को फल अधिवास, पुष्प अधिवास, शैय्या अधिवास, 2 अप्रैल हनुमान जयंती को भगवान का महाअभिषेक पूजा, भगवान न्यास प्राण प्रतिष्ठा, हवन आरती प्रसादी, हनुमान चालीसा पाठ एवं शाम 5 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त हनुमान भक्त सादर आमंत्रित है।
इस तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी में सदस्यगण खोरबाहरा साहू, कुंभकरण यादव, राजू देवांगन, जितेन्द्र कौशिक, गामेंद्र नेताम, उमेश राजपूत, सोनू राजपूत, भूपेन्द्र यादव लगे

## निधन

### बरातूराम सोनकालिहारी



**राजनांदगांव।** स्थानीय कलेक्टोरेट अंतर्गत निर्वाचन शाखा से निर्वाचक पर्यवेक्षक के पद से सेवानिवृत्त बरातूराम सोनकालिहारी का बुधवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। मिलनसार एवं हसमुंख सोनकालिहारी निर्वाचन शाखा में लंबे समय से पदस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से कल 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### पुराना रेस्ट हाऊस रोड में चरमराई यातायात व्यवस्था

# सड़क पर जाम से परेशान आम जनता दिनभर वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की बेतरतीब यातायात व्यवस्था को सुधारने पुलिस विभाग के माध्यम से जागरूकता के साथ कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन शहर के पुराना रेस्ट हाउस से लेकर रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां दिनभर भारी वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य किया जाता है । इस सड़क पर कोई भी नियम कानून नहीं चलता है। बस हर पल जाम लगता रहता है। अक्सर यहां लोगों का सड़क पर खड़े वाहनों के चालक से विवाद भी होता है।

पुराना रेस्ट हाउस से स्टेशन रोड को जाने वाली सड़क पर किराना, प्लाईवुड, सरिया की दुकानें हैं, जहां पर दिनभर भारी वाहनों में समान लोडिंग और अनलोडिंग किया जाता है। लोडिंग-अनलोडिंग के लिए घंटों सड़क पर वाहन खड़े कर दी जाती है। जिससे पैदल चलने वालों को भी जगह नहीं मिल पाती है। इस सड़क की यातायात व्यवस्था वर्षों से काफी बदहाल पड़ी हुई है।



#### नहीं हो रहा नियम का पालन

इस सड़क पर कहीं भी पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़क पर कई प्रतिष्ठान है, जहां पहले ही पार्किंग के वाहन सड़क पर खड़े होते हैं। वहीं लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आने वाले वाहन को भी सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है। जबकि शहर में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए समय निर्धारित है, लेकिन यहां पर कहीं भी यातायात नियम का पालन नहीं होता है।

#### बैंक, स्कूल के लिए समस्या

रेस्ट हाउस से रेलवे स्टेशन की इस सड़क पर कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान भी है। यहां पर बैंक के अलावा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल और आसपास के निजी स्कूलों में आने-जाने का भी यह प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर अक्सर ट्रक, टेंपो, माजदा और अन्य वाहन खड़े किए जाने के चलते बैंक और स्कूल आने-जाने वाले लोगों को भी समस्या होती है।

#### अक्सर फंसते हैं रेल यात्री

यह सड़क ममता नगर, तुलसीपुर, बल्देवबाग सहित आसपास क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने का शॉर्टकट मार्ग है, लेकिन इस मार्ग पर भारी वाहनों के दबाव के चलते अक्सर लोग जाम में फंस जाते हैं। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वापस घूम कर जाने के लिए भी पीछे वाहनों की कतार रहती है। ऐसे में कई बार ट्रेन छूटने की स्थिति भी आ जाती है।

## रघुवीर सेवता की नियुक्ति पर हर्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा एवं कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के अनुमोदन से प्रदेशभर में जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव जिला अध्यक्ष पद पर रघुवीर सेवता की नियुक्ति की गई है।



जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि छुरिया क्षेत्र निवासी रघुवीर सेवता पार्टी के वरिष्ठ, निष्ठावान एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं, जो प्रारंभ से ही ग्रामीण अंचल में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज से आने वाले रघुवीर सेवता की नियुक्ति न केवल समाज के

## दो होटलों में दबिश, सात घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला स्थित होटल एवं ढाबों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान घरेलू सिलेंडरों का उपयोग दो होटलों में व्यावसायिक भोजन पकाने के लिए किया जा रहा था। मौके पर व्यावसायिक (कामर्शियल) सिलेंडरों का भी अवैध भंडारण पाया गया। जिसके संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या बीजक प्रस्तुत नहीं किए जा सके। दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 7 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिसमें 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम)

#### लगातार कार्रवाई

खाद्य विभाग द्वारा इन दोनों होटलों के विरूद्ध द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। जिले के अन्य क्षेत्रों, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढाबों और शहरी क्षेत्रों के भोजनालयों में यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और जब्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

## संपत्तिकर में 50% राशि कम करने की मांग

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने प्रदेश की जनता के हित में संपत्ति कर में 50 प्रतिशत राशिक कम करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से यह मांग की है कि छग प्रदेश की आम जनता के हितों के लिए महंगाई के इस गंभीर दौर में शासन द्वारा प्रदेश में लागू संपत्ति कर की राशि में नए वित्तीय वर्ष से संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की राशि कम करने की घोषणा की जाए, क्योंकि प्रदेश की आम जनता जहां महंगाई का गंभीर सामना कर रही है। उन सब परिस्थितियों को देखते मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री से तत्काल संपत्ति कर की राशि में 50 प्रतिशत कम कर आम जनता को



## मोटर चोरी के आरोपी पकड़े गए

### गोपालपुर कचरा संग्रहण केंद्र में चोरी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



चोरी के मामले में पतासाजी करते पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक सहित चार आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच संदीप वैष्णव ने 31 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि गोपालपुर स्थित रिपा प्रोजेक्ट के कचरा संग्रहण केंद्र में लगी मशीनों से 9 नग मोटर एवं एक नग बोर मोटर को अज्ञात चोर 26 और 27 मार्च के मध्य शटर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया है। पुलिस ने धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस के अनुसार मुखबीर सूचना के आधार पर संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया कि वह मोटर साइकिल प्लेटिना एवं स्कूटी से घटनास्थल पहुंचे थे। रिपा प्रोजेक्ट परिसर में घुसकर पाना, पेंचकस आदि औजारों से मोटर खोलकर कटर मशीन से काटा और माल को कबाड़ियों को बेच दिया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में आरोपी रवि निषाद 19 वर्ष निवासी केंवटपारा छुईखदान, रामसुफल निषाद 45 वर्ष निवासी घनसौर जिला सिवनी (मप्र) हाल देवपुरा गंडई, नासिर खान उर्फ कब्बु 50 वर्ष निवासी पठानपारा छुईखदान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय, राजनांदगांव में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## मूर्ति स्थापना कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज के तत्वाधान में नवनिर्मित मंदिर में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना की गई। जयंती कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे विशेष पूजा के साथ माता की मूर्ति स्थापित की गई। 10 बजे भव्य बाइक रैली निकाली गई। 12 बजे पदाधिकारियों का स्वागत, 1 बजे रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर स्म्मानित किया गया। 3 बजे अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू ने की। इस अवसर पर नीलमणी साहू, कमल किशोर साहू, शेखर साहू, सावन वर्मा, राहुल चौबे, मनोहर यादव, राजेश साहू, अनिता साहू, उमेश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिलन साहू ने किया। शाम को सामूहिक भंडारा (खिचड़ी प्रसादी) का आयोजन किया गया। अंत में रूखखड़ नाथ जस झांकी परिवार नारधा (दुर्ग) का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घंसूराम साहू, जागेश्वर साहू, विजय साहू, डॉ. अनिल



साहू, अनूप साहू, कामता प्रसाद साहू, सुरेन्द्र साहू, चंद्रप्रभा साहू, डॉ. दुलेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, योगेश साहू, गोपाल साहू, खेमलाल साहू, लोकेश्वर साहू, सुरेश साहू, धन्नूलाल साहू, नंदलाल साहू, तुकाराम, शंभूराम कुलेश्वर साहू, थानूराम साहू, रूपनारायण साहू, बिसनाथ साहू, हरिश्चंद साहू, डोमन साहू, हीरासिंग साहू, शोभा साहू, लीला साहू, डिलेश्वरी साहू, गोदावरी साहू, चित्ररेखा साहू, प्रमिला साहू, अहिल्या साहू, खिलेन्द्र साहू, धीरज साहू, राहुल साहू, सचिन साहू, टेकेश साहू, चंद्रकांत साहू, लेखराम साहू, रूपचंद साहू, कुलेश्वर साहू, नर्मदा साहू, भुनेश्वर साहू, कोमल साहू, फागूराम साहू, जयेश साहू, सावन साहू, हितेन्द्र साहू, रामकृष्णा साहू, भीखम साहू, रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष, युवा एवं बच्चे

## चिखली से खैरागढ़ सड़क के निर्माण में नाली निर्माण जरूरी

**राजनांदगांव।** चिखली से खैरागढ़ तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में ग्रामों के भीतर नाली निर्माण नहीं किए जाने से पूर्व जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कड़ी आपत्ति जताते कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। पूर्व में जनपद क्षेत्र तिलई, पदुमतरा, खपरी, चवेली एवं बोरी सहित अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर 2 माह पूर्व जिलाधीश को ज्ञापन सौंप चुके हैं।



ओमप्रकाश ने इस इस समस्या को देखते शासन-प्रशासन से मांग किया है कि जिन ग्रामों में नाली की आवश्कता है, वहां सड़क के साथ नाली निर्माण की स्वीकृति की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिन गांवों से सड़क गुजर रही है, वहां नाली निर्माण का प्रावधान नहीं किया गया है। इससे भविष्य में बरसात के मौसम में जलभराव, गंदगी और आवागमन में परेशानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नाली के सड़क निर्माण अधूरा और अव्यवहारिक है। पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थल की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते स्टीमेंट (प्राक्कलन) में सुधार कर नाली निर्माण की स्वीकृति दी जाए।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समता वृद्धाश्रम राजनांदगांव में एक प्रेरणादायक वृद्धाश्रम भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते सेवा, संवेदना और मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट परिचय दिया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उनके जीवन अनुभवों को सुना और उनसे आत्मीय संवाद स्थापित किया। विद्यार्थियों ने वृद्धजनों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं भेंट कर उनका सम्मान किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने भजन-कीर्तन, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने इस पहल की सराहना करते कहा कि "इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, सम्मान और करूणा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। वृद्धजनों के साथ बिताया गया समय न केवल उन्हें खुशी देता है, बल्कि विद्यार्थियों को भी जीवन के अमूल्य अनुभव और संस्कार प्रदान करता है।" कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज के प्रति जिम्मेदारी, सहानुभूति और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सशक्त हुई। कार्यक्रम में प्रीति

### प्रस्तावित नए शराब दुकान का विरोध

## पूर्व विधायक छन्नी के नेतृत्व में सैंकड़ों महिलाओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में तीन नए शराब दुकान का संचालन प्रस्तावित है। जिसके विरोध में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाएं छुरिया पहुंची, जहां वे विश्रामगृह से नारेबाजी करते तहसील कार्यालय पहुंची, जहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञात हो कि क्षेत्र की महिलाएं शराब दुकान के संचालन के लिए पिछले कई महीनों से मुखर होकर आवाज उठा रही है। इसी क्रम में आज खुज्जी क्षेत्र की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा और तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान महिलाएं उपस्थित थी।



#### महिलाओं का पुलिस व प्रशासन से साथ जमकर हुआ झूमाझटकी

शराब की शीशी व बेशरम फूल का हार भेंट करने के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं को रोकने का प्रयास किया गया। जिसको देखते हुए महिलाएं आक्रोशित हो गई और झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई। अंततः पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में तहसीलदार आकांक्षा साहू को ज्ञापन सौंपकर संचालन हेतु प्रस्तावित नवीन शराब दुकान को अविलंब बंद करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान राजबती, आशाबाई, मंगतिनबाई, अनुसुइयाबाई, सुगंधबाई, जानकीबाई , ललिताबाई, केजाबाई, ममताबाई, भूमिकाबाई, सुरेखा, कौशिल्या, रवीना सहित क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

## भाजयुमो ने किया केन्द्र व राज्य सरकार का आभार



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी पूरी सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि देश अब नक्सल मुक्त हो गया है। इसके लिए सैकड़ों जवानों ने अपनी शहादत दी है।
श्री सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक टाईम लाइन के तहत एक लक्ष्य निर्धारित कर नक्सलवाद का समूल नाश किया है। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने से अब बस्तर के युवा खुलकर बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को प्रचारित करेंगे। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य यह केवल संकल्प नहीं, बल्कि केंद्र सरकार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुरक्षाबलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बनने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करेंः-7354-411411

## सार समाचार

### पारीनाला में हनुमान जन्मोत्सव पर रामधुन भजन

**राजनांदगांव।** श्री रामधाम अयोध्या पारीनाला के समीप 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर माधुन भजन-कीर्तन का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक किया गया है। जीई रोड पारीनाला में सीताराम बैंक की स्थापना पश्चात सामूहिक प्रयास से राम-नाम लेखन मंत्र तीन करोड़ तेईस लाख तेरह हजार दो सौ बत्तीस संकलित रामनाम पत्र हो गया है। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर राम नाम लिखने की इच्छा रखने वालों को राम नाम पत्रक भी दिया जाएगा। उक्त जानकारी प्राचीन शिव श्रीरामधाम अध्योध्या पारीनाला के पुजारी महंत रामकुमार साहू एवं पूरनलाल साहू ने दी।

### हीरामोती वार्ड में सिलाई प्रशिक्षण जारी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 हीरामोती वार्ड के सामुदायिक भवन में 60 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण



कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पार्षद रवि सिन्हा ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से संवाद करते उन्हें मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं अपने हुनर को रोजगार में परिवर्तित करने प्रेरित किया। पार्षद श्री सिन्हा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अध्ययन सामग्री के रूप में कॉपी एवं पेन का वितरण भी किया गया। जिससे उन्हें प्रशिक्षण के दौरान नोट्स बनाने एवं सीखने में सुविधा मिल सके। पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिलता है और वे अपने परिवार की आय में सहयोग कर सकती है। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें नया कौशल सीखने का अवसर मिल रहा है। जिससे भविष्य में रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दिनों में भी नियमित रूप से संचालित होता रहेगा।

### लोक कलाकारों ने दाऊ मंदराजी को किया याद

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी को



उनकी 125वीं जयंती पर लोक कलाकारों द्वारा उन्हें कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया। वार्ड नं. 33 कन्हारपुरी में आयोजित दाऊ मंदराजी जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले व अध्यक्षता राकेश इंदू भूषण ठाकुर ने की। इस अवसर पर चतुर सिंग बजरंग, आत्माराम कोशा, महादेव हिरवानी, शिव वर्मा, प्रेमलाल साव, पवन यादव, आनंदराम सार्वा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री पिल्ले ने दाऊजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर उनके अवदान को याद किया और कहा कि उनकी कृपा प्रसाद से नाच रंग-कर्म देश-दुनिया तक छा गया। ऐसे महान आत्मा को उनकी जयंती अवसर पर याद करना हमारा कर्तव्य बन उठता है। उन्होंने दाऊजी की याद में शहर के पारीनाला चौक का नाम दाऊ मंदराजी चौक नामकरण किया जाने की बात कही। जिसका लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। अध्यक्षता करते राकेश इंदू भूषण ठाकुर ने कहा कि इस रंग विधा के लिए अपने दो-दो गांव की ज़मीदारों न्योछावर कर देने वाले इस पुरोधा ने शहर में मां दुर्गा की स्थापना कराकर और अपनी नाचा कर इस चौक को दुर्गा चौक नाम दिया। ऐसे महान शख्स के नाम पर एक चौक का नामकरण किया जाना दाऊजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान प्रकाश बजरंग, अनिल हिरवानी, धनेश्वर साहू, ललित बजरंग, राजू नाग, मोतीलाल साहू, महावीर साहू, लोकेश समेत अन्य लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी पवन यादव ने दी।

### गांजा तस्करी, फरार आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी की पता तलाश कर सोमनी पुलिस ने कार्रवाई की है। पूर्व में इस मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 जुलाई 2025 को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि टाटा ट्रक में अवैध रूप से गांजा जैसा मादक पदार्थ छुपाकर उड़ीसा से महाराष्ट्र ले जा रहा है, जो दुर्ग से राजनांदगांव जीई रोड़ होते हुए निकलने वाला है। इस मामले में धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के आरोपी भरत कुमार सिंह 32 साल साकिन ताजपुर थाना माझी जिला छपरा बिहार एवं पुरन लाल लड़िया उर्फ राजू 28 साल साकिन ग्राम कुम्रोडा (रिचई) थाना सुआताला जिला नसिंगपुर (मप्र) हाल झांकड़पारा धनकौड़ा जिला संबलपुर उड़ीसा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया था। पुलिस ने की कार्रवाई- प्रकरण में फरार आरोपी पवन रात्रे उर्फ इमरान 23 साल निवासी बलौदा जिला जांजगीर-चांपा का पता तलाश कर हिरासत में लेकर मामले के संबंध में बारीकी से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया, जो जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार किया है। मामला जुर्म अजमानतीय होने से न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया है।

### भंडारे का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के दिग्विजय स्टेडियम परिसर में जिम परिवार द्वारा कल 2 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से शाम 7 बजे से भंडारा स्वरूप प्रसादी ग्रहण करने अपील की गई है।

### रेवाडीह में मूर्ति स्थापना आज

**राजनांदगांव।** रेवाडीह वार्ड क्र. 21 में बूढ़ादेव मंदिर परिसर में नवनिर्मित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर भव्य मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन 2 अप्रैल को किया गया है। आयोजन समिति नवदिव्य मां दुर्गा उत्सव समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से यह तीन दिवसीय आयोजन आयोजित है। जितेन्द्र कौशिक ने उक्त आयोजन के संबंध में बताया कि इस भव्य आयोजन में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें कल 31 मार्च को कलश स्थापना, गौरी गणेश पूजा, जल अधिवास, अन्न अधिवास, 1 अप्रैल को फल अधिवास, पुष्प अधिवास, शैय्या अधिवास, 2 अप्रैल हनुमान जयंती को भगवान का महाअभिषेक पूजा, भगवान न्यास प्राण प्रतिष्ठा, हवन आरती प्रसादी, हनुमान चालीसा पाठ एवं शाम 5 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त हनुमान भक्त सादर आमंत्रित है।
इस तीन दिवसीय आयोजन की तैयारी में सदस्यगण खोरबाहरा साहू, कुंभकरण यादव, राजू देवांगन, जितेन्द्र कौशिक, गामेंद्र नेताम, उमेश राजपूत, सोनू राजपूत, भूपेन्द्र यादव लगे

## निधन

### बरातूराम सोनकालिहारी



**राजनांदगांव।** स्थानीय कलेक्टोरेट अंतर्गत निर्वाचन शाखा से निर्वाचक पर्यवेक्षक के पद से सेवानिवृत्त बरातूराम सोनकालिहारी का बुधवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। मिलनसार एवं हसमुंख सोनकालिहारी निर्वाचन शाखा में लंबे समय से पदस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से कल 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## पुराना रेस्ट हाऊस रोड में चरमराई यातायात व्यवस्था

# सड़क पर जाम से परेशान आम जनता दिनभर वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की बेतरतीब यातायात व्यवस्था को सुधारने पुलिस विभाग के माध्यम से जागरूकता के साथ कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन शहर के पुराना रेस्ट हाउस से लेकर रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां दिनभर भारी वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य किया जाता है। इस सड़क पर कोई भी नियम कानून नहीं चलता है। बस हर पल जाम लगता रहता है। अक्सर यहां लोगों का सड़क पर खड़े वाहनों के चालक से विवाद भी होता है।

पुराना रेस्ट हाउस से स्टेशन रोड को जाने वाली सड़क पर किराना, प्लाईवुड, सरिया की दुकानें हैं, जहां पर दिनभर भारी वाहनों में समान लोडिंग और अनलोडिंग किया जाता है। लोडिंग-अनलोडिंग के लिए घंटों सड़क पर वाहन खड़े कर दी जाती है। जिससे पैदल चलने वालों को भी जगह नहीं मिल पाती है। इस सड़क की यातायात व्यवस्था वर्षों से काफी बदहाल पड़ी हुई है।



#### नहीं हो रहा नियम का पालन

इस सड़क पर कहीं भी पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़क पर कई प्रतिष्ठान है, जहां पहले ही पार्किंग के वाहन सड़क पर खड़े होते हैं। वहीं लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आने वाले वाहन को भी सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है। जबकि शहर में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए समय निर्धारित है, लेकिन यहां पर कहीं भी यातायात नियम का पालन नहीं होता है।

#### बैंक, स्कूल के लिए समस्या

रेस्ट हाउस से रेलवे स्टेशन की इस सड़क पर कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान भी है। यहां पर बैंक के अलावा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल और आसपास के निजी स्कूलों में आने-जाने का भी यह प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर अक्सर ट्रक, टेंपो, माजदा और अन्य वाहन खड़े किए जाने के चलते बैंक और स्कूल आने-जाने वाले लोगों को भी समस्या होती है।

#### अक्सर फंसते हैं रेल यात्री

यह सड़क ममता नगर, तुलसीपुर, बल्देवबाग सहित आसपास क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने का शॉर्टकट मार्ग है, लेकिन इस मार्ग पर भारी वाहनों के दबाव के चलते अक्सर लोग जाम में फंस जाते हैं। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वापस घूम कर जाने के लिए भी पीछे वाहनों की कतार रहती है। ऐसे में कई बार ट्रेन छूटने की स्थिति भी आ जाती है।

### रघुवीर सेवता की नियुक्ति पर हर्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज



की अनुशंसा एवं कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के अनुमोदन से प्रदेशभर में जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव जिला अध्यक्ष पद पर रघुवीर सेवता की नियुक्ति की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि छुरिया क्षेत्र निवासी रघुवीर सेवता पार्टी के वरिष्ठ, निष्ठावान एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं, जो प्रारंभ से ही ग्रामीण अंचल में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज से आने वाले रघुवीर सेवता की नियुक्ति न केवल समाज के लिए गौरव का विषय है।

## दो होटलों में दबिश, सात घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा जिले में घरेलू रसोई गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला स्थित होटल एवं ढाबों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान घरेलू सिलेंडरों का उपयोग दो होटलों में व्यावसायिक भोजन पकाने के लिए किया जा रहा था। मौके पर व्यावसायिक (कामर्शियल) सिलेंडरों का भी अवैध भंडारण पाया गया। जिसके संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या बीजक प्रस्तुत नहीं किए जा सके। दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 7 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। जिसमें 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम)

#### लगातार कार्रवाई

खाद्य विभाग द्वारा इन दोनों होटलों के विरूद्ध द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरनाक है। जिले के अन्य क्षेत्रों, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढाबों और शहरी क्षेत्रों के भोजनालयों में यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फर्म के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और जब्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

### संपत्तिकर में 50% राशि कम करने की मांग

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने प्रदेश की जनता के



हित में संपत्ति कर में 50 प्रतिशत राशिक कम करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से यह मांग की है कि छग प्रदेश की आम जनता के हितों के लिए महंगाई के इस गंभीर दौर में शासन द्वारा प्रदेश में लागू संपत्ति कर की राशि में नए वित्तीय वर्ष से संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की राशि कम करने की घोषणा की जाए, क्योंकि प्रदेश की आम जनता जहां महंगाई का गंभीर सामना कर रही है। उन सब परिस्थितियों को देखते मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री से तत्काल संपत्ति कर की राशि में 50 प्रतिशत कम कर आम जनता को

## मोटर चोरी के आरोपी पकड़े गए

### गोपालपुर कचरा संग्रहण केंद्र में चोरी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

चोरी के मामले में पतासाजी करते पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक सहित चार आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच संदीप वैष्णव ने 31 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि गोपालपुर स्थित रिपा प्रोजेक्ट के कचरा संग्रहण केंद्र में लगी मशीनों से 9 नग मोटर एवं एक नग बोर मोटर को अज्ञात चोर 26 और 27 मार्च के मध्य शटर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया है। पुलिस ने धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस के अनुसार मुखबीर सूचना के आधार पर संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया कि वह मोटर साइकिल प्लेटिना एवं स्कूटी से घटनास्थल पहुंचे थे। रिपा प्रोजेक्ट परिसर में घुसकर पाना, पेंचकस आदि औजारों से मोटर खोलकर कटर मशीन से काटा और माल को कबाड़ियों को बेच दिया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में आरोपी रवि निषाद 19 वर्ष निवासी केंवटपारा छुईखदान, रामसुफल निषाद 45 वर्ष निवासी घनसौर जिला सिवनी (मप्र) हाल देवपुरा गंडई, नासिर खान उर्फ कब्बु 50 वर्ष निवासी पठानपारा छुईखदान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय, राजनांदगांव में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## मूर्ति स्थापना कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज के तत्वाधान में नवनिर्मित मंदिर में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना की गई। जयंती कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे विशेष पूजा के साथ माता की मूर्ति स्थापित की गई। 10 बजे भव्य बाइक रैली निकाली गई। 12 बजे पदाधिकारियों का स्वागत, 1 बजे रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर स्मानित किया गया। 3 बजे अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू ने की। इस अवसर पर नीलमणी साहू, कमल किशोर साहू, शेखर साहू, सावन वर्मा, राहुल चौबे, मनोहर यादव, राजेश साहू, अनिता साहू, उमेश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिलन साहू ने किया। शाम को सामूहिक भंडारा (खिचड़ी प्रसादी) का आयोजन किया गया। अंत में रूखखड़ नाथ जस झांकी परिवार नारधा (दुर्ग) का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घंसूराम साहू, जागेश्वर साहू, विजय साहू, डॉ. अनिल साहू,



अनूप साहू, कामता प्रसाद साहू, सुरेन्द्र साहू, चंद्रप्रभा साहू, डॉ. दुलेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, योगेश साहू, गोपाल साहू, खेमलाल साहू, लोकेश्वर साहू, सुरेश साहू, धन्नूलाल साहू, नंदलाल साहू, तुकाराम, शंभूराम कुलेश्वर साहू, थानूराम साहू, रूपनारायण साहू, बिसनाथ साहू, हरिश्चंद साहू, डोमन साहू, हीरासिंग साहू, शोभा साहू, लीला साहू, डिलेश्वरी साहू, गोदावरी साहू, चित्ररेखा साहू, प्रमिला साहू, अहिल्या साहू, खिलेन्द्र साहू, धीरज साहू, राहुल साहू, सचिन साहू, टेकेश साहू, चंद्रकांत साहू, लेखराम साहू, रूपचंद साहू, कुलेश्वर साहू, नर्मदा साहू, भुनेश्वर साहू, कोमल साहू, फागूराम साहू, जयेश साहू, सावन साहू, हितेन्द्र साहू, रामकृष्णा साहू, भीखम साहू, रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### चिखली से खैरागढ़ सड़क के निर्माण में नाली निर्माण जरूरी

**राजनांदगांव।** चिखली से खैरागढ़ तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में ग्रामों के भीतर नाली निर्माण नहीं किए जाने से पूर्व जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कड़ी आपत्ति जताते कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। पूर्व में जनपद क्षेत्र तिलई,



पदुमतरा, खपरी, चवेली एवं बोरी सहित अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर 2 माह पूर्व जिलाधीश को ज्ञापन सौंप चुके हैं।

ओमप्रकाश ने इस इस समस्या को देखते शासन-प्रशासन से मांग किया है कि जिन ग्रामों में नाली की आवश्कता है, वहां सड़क के साथ नाली निर्माण की स्वीकृति की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिन गांवों से सड़क गुजर रही है, वहां नाली निर्माण का प्रावधान नहीं किया गया है। इससे भविष्य में बरसात के मौसम में जलभराव, गंदगी और आवागमन में परेशानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नाली के सड़क निर्माण अधूरा और अव्यवहारिक है। पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थल की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते स्टीमेंट (प्राक्कलन) में सुधार कर नाली निर्माण की स्वीकृति दी जाए।

### प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण आज

**डोंगरगढ़।** प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है जिसका कल 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर लोकार्पण किया जाएगा।मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे होंगे। अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश भंडारी, प्रीति चमन समुंद्रे एवं सुमित ताम्रकार उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण के पश्चात प्रेस क्लब की बैठक आयोजित की जाएगी।






## प्रस्तावित नए शराब दुकान का विरोध

# पूर्व विधायक छन्नी के नेतृत्व में सैंकड़ों महिलाओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में तीन नए शराब दुकान का संचालन प्रस्तावित है। जिसके विरोध में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाएं छुरिया पहुंची, जहां वे विश्रामगृह से नारेबाजी करते तहसील कार्यालय पहुंची, जहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञात हो कि क्षेत्र की महिलाएं शराब दुकान के संचालन के लिए पिछले कई महीनों से मुखर होकर आवाज उठा रही है। इसी क्रम में आज खुज्जी क्षेत्र की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा और तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान महिलाएं उपस्थित थी।



#### महिलाओं का पुलिस व प्रशासन से साथ जमकर हुआ झूमाझटकी

शराब की शीशी व बेशरम फूल का हार भेंट करने के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं को रोकने का प्रयास किया गया। जिसको देखते हुए महिलाएं आक्रोशित हो गई और झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई। अंततः पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में तहसीलदार आकांक्षा साहू को ज्ञापन सौंपकर संचालन हेतु प्रस्तावित नवीन शराब दुकान को अविलंब बंद करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान राजबती, आशाबाई, मंगतिनबाई, अनुसुइयाबाई, सुगंधबाई, जानकीबाई , ललिताबाई, केजाबाई, ममताबाई, भूमिकाबाई, सुरेखा, कौशिल्या, रवीना सहित क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

### भाजयुमो ने किया केन्द्र व राज्य सरकार का आभार



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी पूरी सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि देश अब नक्सल मुक्त हो गया है। इसके लिए सैकड़ों जवानों ने अपनी शहादत दी है।
श्री सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक टाईम लाइन के तहत एक लक्ष्य निर्धारित कर नक्सलवाद का समूल नाश किया है। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने से अब बस्तर के युवा खुलकर बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को प्रचारित करेंगे। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य यह केवल संकल्प नहीं, बल्कि केंद्र सरकार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुरक्षाबलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बनने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**सौगात: बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण के लिए मिली 14.14 करोड़ से अधिक की स्वीकृति**

# विधायक भावना के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की तीन सड़कों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव समृद्धि और विकास की किरण पहुंच रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है, वहीं हर गांव को जोड़ती पक्की सड़कें पंडरिया विधानसभा के विकास को नई गति दे रही हैं। इसी कड़ी में बजट 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा में 3 बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण व मजबूतीकरण हेतु 14 करोड़ 14 लाख 35 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है, जो पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के विकास को नई गति देगा।

इन सड़कों में प्रधानमंत्री सड़क से जुड़ते हुए ग्राम डेंगुरु-जाम से अमनिया मार्ग 3.20 किमी सड़क हेतु 5 करोड़ 79 लाख 19 हजार, भरतपुर-घोघरा मार्ग 3.50 किमी हेतु 6 करोड़ 12 लाख 10 हजार एवं ग्राम महली से नानापुरी तक 3 किमी सड़क मजबूतीकरण हेतु 2 करोड़ 23 लाख 6 हजार की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और गांव-गांव तक विकास की किरण पहुंचेगी। इन सड़कों के निर्माण से ग्राम डेंगुरु-जाम, टेडापानी, अमनिया, भगतपुर, घोघरा, महली और नानापुरी सहित आस-पास के ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज इसी सोच और जनविश्वास से पंडरिया विधानसभा में लगभग 500 किलोमीटर के सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की तस्वीर बदल रहें हैं और आमजनों को सुविधा उपलब्ध करा रहें हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जिस प्रकार पंडरिया विधानसभा को विकास से कोसो दूर रखा गया, जनता को उपेक्षित किया गया और विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुए, आज सुशासन की भाजपा सरकार में वही पंडरिया निरन्तर विकास के नए अध्याय लिख रहा है।

जनता की मूलभूत व बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रही हैं सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, 300 करोड़ से अधिक की सिंचाई परियोजनाओं से किसानों के खेत और जनता के घरों तक पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति हो रही है। पुल-पुलिया निर्माण से अब बारह महीने सड़क कनेक्टिविटी की सुविधा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही है। स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में शहरों के तर्ज पर विकास हो रहें हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नालंदा लाइब्रेरी परिसर की स्वीकृति, व्यावसायिक परिसर, मिनी स्टेडियम, नवीन महाविद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उप-स्वास्थ्य केंद्र में उन्ननयन, पाण्डातराई एवं पंडरिया बाइपास, ऐसे कई कार्य व अधोसंरचना निर्माण से हमारा पंडरिया विधानसभा आज एक आदर्श विधानसभा के रूप में अपनी विशेष पहचान स्थापित कर रहा है।

**जन-कल्याणकारी सेवाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी**



इन सड़क निर्माण कार्यो हेतु स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम तक सुरक्षित, सुदृढ़ और सर्व मौसम सड़क संपर्क सुनिश्चित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। बारहमासी सड़क संपर्क से इन बसावटों को बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पोषण, आपदा प्रबंधन और दैनिक आवागमन में व्यापक सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी, ग्रामीण आजीविका में वृद्धि और जन-कल्याणकारी सेवाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी। पंडरिया में सड़क विस्तार केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि विकास की एक व्यापक सोच का हिस्सा है। यह कार्य ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का मजबूत माध्यम बनेंगे।



# पंडरिया में स्व. बिसाहू दास महंत की 102वीं जयंती मनाई गई

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहू दास महंत की 102वीं जयंती श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल की उपस्थिति में पंडरिया स्थित गुप्ता धर्मशाला भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने किया, इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. महंत के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की।

इस दौरान वक्ताओं ने स्व. बिसाहू दास महंत के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि वे अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम कैबिनेट मंत्री रहे। वर्ष 1952 में हुए प्रथम विधानसभा चुनाव में वे बाराद्वार क्षेत्र से निर्वाचित हुए और तत्कालीन मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल के मंत्रिमंडल में शामिल किए गए। अपने राजनीतिक जीवन में वे लगातार छह बार विधायक निर्वाचित हुए और कभी चुनाव नहीं हारे। वक्ताओं ने बताया कि मंत्री रहते हुए उन्होंने कृषि, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। हसदेव नदी पर मिनीमाता बांगो बांध परियोजना की परिकल्पना और शिलान्यास उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम रहा, जिससे आज व्यापक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसके साथ ही कोसा उद्योग को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा।

स्व. श्री महंत को पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टाओं में भी गिना जाता है। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गुरुदत्त शर्मा, वरिष्ठ नेता काशीनाथ ठाकुर, खोवाराम भास्कर, दिनेश कोसारिया, मनीष शर्मा, संजू तिवारी, अतुल बरगाह, नंदकुमार चंद्रवंशी, शैलेन्द्र गुप्ता, राजकुमार अनंत, लक्ष्मीनारायण साहू, शिव गायकवाड़, रामकुमार गायकवाड़, पार्षद प्रतिनिधि चंद्रभान टंडन, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश सावरा, अखिलेश ठाकुर, अर्जुन साहू, सरताज खान, संतोष चंद्रवंशी, दिलीप सांडिल्य, विक्रम यादव, शिवम सावरा, निक्की सावरा, चंद्रकुमार साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप



### संगठन सृजन बैठक कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के दिशा निर्देश में आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुंआमालगी, भटरूसे, पथर्री, अमलीमालगी में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम मे दामापुर मण्डल संगठन श्रृंजन प्रभारी साधेलाल अनंत, सहप्रभारी भरत साहू, मण्डल अध्यक्ष दामापुर प्रमोद पात्रे के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का यह अभियान लगातार जारी है और रहेगा साथ ही साथ गांव-गांव में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठककर बातचीत व मेंल-मुलाकात कर बूथ अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष कार्यकारी गठित करना, एक-दूसरे के राय लेकर एक साथ सहमति बनाकर चयन करना, आने वाले समय पर कांग्रेस की सरकार बनाना, कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार कांग्रेस काम किया जा रहा हैं, संगठन को मजबूती करने के लिए आने वाले समय में कांग्रेस सरकार बनाना है। जिसमें आसपास क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी तथा कांग्रेस के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# आरपीएस स्कूल में शिक्षक-पालक सम्मेलन व परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्री रामकृष्ण विद्यालय में शिक्षक-पालक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया, इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के स्वागत से हुई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और पालक के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सम्मेलन के दौरान कक्षा शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, उनकी उपलब्धियों एवं सुधार के क्षेत्रों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अभिभावकों ने भी शिक्षकों से संवाद कर बच्चों के बेहतर मार्गदर्शन हेतु सुझाव प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गई तथा अन्य विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन पर सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।




# प्रियदर्शिनी उड़ान के तहत मगरवाह से गांव चलो अभियान का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के आह्वान पर पंडरिया विधानसभा के ग्राम मगरवाह में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के तहत बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण पहल की। कार्यक्रम में 100 से अधिक बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्होंने एक वर्ष तक जरूरतमंदों को निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती ममता चंद्राकर ने माहवारी स्वच्छता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए जागरूकता और संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उनकी इस पहल का ग्रामीणों ने स्वागत किया, जिससे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर उन्होंने गांव चलो अभियान आओ चलें कांग्रेस के साथ कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से कांग्रेस की पूर्व सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, साथ ही वर्तमान सरकार की नीतियों और वादाखिलाफी को जनता के बीच रखा जाएगा। उन्होंने प्रत्येक गांव में जनसंवाद स्थापित करने और अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में राजेंद्र मारकंडे, रूपेंद्र वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, तिलेश मार्कण्डेय, फेरहा साहू, अजीत साहू, पवन वर्मा, नीतू कुर्रे, लता सेन, पद्मा धुर्वे, घुरवा मार्कण्डे, देव वर्मा, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।




# कलेक्टर ने जिले के सुदूर वनांचल भुरसीपकरी में लगाई रात्रि-चौपाल

## बैगा आदिवासियों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के अंतिम छोर में बसे बोड़ला विकासखंड के सुंदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य ग्राम भुरसीपकरी की योजनाओं में क्रियान्वयन का मुआयना करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं गांव पहुंचे। उन्होंने यहां रात्रि चैपाल लगाकर बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें विस्तार से सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर को रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या होती है। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झिरिया से पानी लाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि झिरिया में सालभर पानी उपलब्ध रहता है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएचई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि झिरिया में सेनेटरी वेल बनाया जाएगा। सेनेटरी वेल में मोटर पंप लगाकर और पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने की योजना तैयार की गई है और शासन को भेजा गया है। श्री वर्मा ने बताया कि जिले के ऐसे सभी वनांचल गांवों का सर्वे किया जा रहा है, जहां झिरिया से पानी लाना पड़ता है। इन गांवों के लिए भी इसी तरह की योजना बनाकर सेनेटरी वेल मोटर पंप और पाइपलाइन के माध्यम से सालभर पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता दिलीप राजपूत ने बताया कि वर्तमान में गांव में 3 सोलर पंप स्थापित है जिससे पेयजल आपूर्ति की जाती है, गर्मी के दिनों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण समस्या होती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से गांव में साल भर पानी की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार किया गया है।



### आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने की समीक्षा: श्री वर्मा

कलेक्टर श्री वर्मा ने जनमन योजना के तहत आवास निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। ग्राम सचिव ने जानकारी दी कि भुरसीपकरी में 142 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 83 पूर्ण हो चुके हैं, 55 निर्माणाधीन हैं और 4 कार्य शुरू नहीं हुए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को राशि मिल चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए जाएं। साथ ही आवास मित्रों को नियमित निरीक्षण कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। राशन वितरण की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें नियमित राशन मिल रहा है। एक महिला ने राशन कार्ड दूसरे गांव में बने होने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर ने सचिव को तत्काल स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू कर समाधान करने के निर्देश दिए।

## जिले में राजस्व पखवाड़ा की हुई शुरुआत, कोठार में निरीक्षण में पहुंचेः कलेक्टर

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में बुधवार से राजस्व पखवाड़े की शुरुआत हो गई है। जिसमें गांव गांव में शिविर लगाकर लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पखवाड़े के पहले दिन कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा तहसील के ग्राम कोठार में लगे राजस्व शिविर का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पटवारी हल्के से सम्बंधित पंचायतों में सीमांकन, खाता विभाजन, बटांकन, त्रुटि सुधार के जितने भी आवेदन आते हैं, सबका त्वरित निराकरण किया जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है, जिससे आने जाने का मार्ग बाधित हो रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तत्काल एसडीएम और तहसीलदार को संबंधित को नोटिस जारी करते हुए कब्जा हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी शिविर लगने वाले हैं वहां एक दिन पहले मुनादी कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक लोगों तक शिविर की जानकारी पहुंचे और वे इसका लाभ ले सकें। इस दौरान एडीएम विनय पोयाम व एसडीएम चेतन साहू उपस्थित थें। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार तीन चरणों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण अंतर्गत 01 अप्रैल को तहसील कवर्धा के ग्राम खड़ौदाखुर्द और कोठार में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसके बाद 6 अप्रैल को जरती और गांगपुर में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जा रहे है। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रुटी सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

**रैली निकालकर समाज के साथ सर्व समाज ने प्रभु परमात्मा के दर्शन वंदन कर आर्शीवाद लिया**

# तीन दिवसीय भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जैन मंदिर पंडरिया में अहिंसा के अवतार, सत्य-शांति के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी जन्म-कल्याणक महोत्सव पर तीन दिवस सुबह प्रभात फेरी के साथ पूजा-भक्ति-भाव धार्मिक आराधना के साथ जन्म-कल्याणक दिवस पर भव्य जुलूस में जैन समाज के साथ सर्व-समाज ने महावीर के नारों के जय घोष के साथ बड़ी संख्या में लोगो ने जुलूस निकाला, प्रभु परमात्मा को रथ में परी लोध लेकर बैठी, जुलूस नगर के सभी स्थानों से निकलते हुए समाज के साथ सर्व समाज ने प्रभु परमात्मा के दर्शन वंदन कर आर्शीवाद लिया। जुलूस के बाद प्रभु परमात्मा को पुखने का लाभ सुरेश कुमार, लक्ष्मी देवी लोढ़ा परिवार ने लिया, मंदिर जन्म-कल्याणक पूजन, नवपद पूजन कर समाज के लोगो ने प्रभु परमात्मा से विश्व में फैली अराजकता अशांति से निजात दिलाने की कामना की। पूजा आराधना में सकल जैन श्री संघ के साथ स्नात्र महिला मंडल ने भक्ति भाव से पूजन कराया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के साथ रक्तदान के साथ सड़क सुरक्षा संदेश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री खरतरगच्छ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष हरीश जैन, उपाध्यक्ष यशवंतराज बंगानी, ललित बोथरा, सचिव अशोक लोढ़ा, सह सचिव दीपक लोढ़ा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र डाकलिया, ट्रस्टीगण सुरेश जैन, चंद्रविजय जैन, शिखर जैन, विकास लोढ़ा, अंगूर जैन, सिद्धार्थ जैन, टीकमचंद जैन, दिलीप जैन, पीयूष जैन, विवेक जैन, भारतीय जैन संघटना अध्यक्ष प्रणय जैन, सचिव श्रेयांस लोढ़ा, शिबू लोढ़ा महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती लीला देवी लोढ़ा, सचिव श्रीमती मधु डाकलिया, श्रीमती नगीना देवी लोढ़ा, ममता लोढ़ा, मंजू लोढ़ा, समाज एवं भारतीय जैन संघटना, जैन युवा मंच के सभी सदस्यों का सहयोग मिला।

### शिविर में 118 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा की मिशाल पेश की समिति ने सड़क सुरक्षा के लिए रक्तवीरों को हेलमेट वितरित किया

जैन समाज एवं भारतीय जैन संघटना पंडरिया द्वारा प्रभु महावीर के संदेश जियो और जीने दो के संदेश के साथ मानव सेवा के हितार्थ, सड़क सुरक्षा के संदेश को देते हुए प्रातः 9 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन और रक्तदान में भाग लेने वालो को सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ उपहार में हेलमेट दिया गया, रक्तदान में 118 लोगो ने रक्तदान कर मानव सेवा की मिशाल पेश की। रक्तदान का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन था, सड़क सुरक्षा के संदेश को देने के साथ लोगो को जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग के एएसपी कवर्धा अमित पटेल, एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह, थाना प्रभारी अजय सिंहा विशेष रूप से उपस्थित होकर रक्तवीरों को हेलमेट देकर सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ लोगो को नियमों का पालन करने की अपील की गई। रक्तदान शिविर में सड़क सुरक्षा के संदेश कार्यक्रम को आयोजित करने में पंडरिया नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के मोहन राजपूत, अनुराग सिंह, राजीव श्रीवास्तव, गुप्ता समाज के देवेन्द्र गुप्ता, सिक्ख समाज के प्रिंस सलूजा, जिला राइस मिल एसोसिएशन के मीनू अग्रवाल, अनिल चंद्रवंशी, मोंटू जायसवाल, ओजस केशरवानी, विजय जैन सभी ने रक्तदान देकर सहयोग किया, व्यापारी संघ अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने संघ के साथ रक्तदान किया, एसीबीआई के मैनेजर गोविन्द गुप्ता के साथ स्टाफ, पत्रकार संघ के गुरुनाम सिंह, ब्राह्मण समाज नरेन्द्र तिवारी, बेजूबा समिति एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, डॉ अमिताभ शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की श्रीमती मीनाक्षी सिंह के साथ सर्व समाज का भरपूर सहयोग मिला।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**सौगात:** दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी मजबूती

# जिले को मिली सात नई एंबुलेंस चिल्फी, रेंगाखार में भी सुविधा

**जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं शासन-प्रशासन द्वारा बेहतर और सुदृढ़ीकरण बनाए जाने किए जा रहे प्रयासों के बीच एक और नया अध्याय जुड़ गया है। जानकारी के मुताबिक जिले में संचालित 108 सेवाओं के तहत चलने वाली 07 नई एम्बुलेंस जिले को मिली हैं। इन एंबुलेंस को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व कलेक्टर गोपाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 07 एंबुलेंस में से 02 एएलएस और 05 बीएलएस एम्बुलेंस में से 01 एएलएस एम्बुलेंस कवर्धा जिला मुख्यालय और 01 चिल्फी में तैनात होंगें। वहीं 05 बीएलएस एंबुलेंस पंडरिया, सहसपुर लोहारा, रेंगाखार, कुकदूर और बोड़ला में सेवाएं देंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने इस अवसर पर कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरंतर विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण, जिला अस्पताल में सीटी स्कैन, सोनोग्राफी के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में अब राज्य शासन द्वारा जिले को 07 नयी एम्बुलेंस मिली है। जो दूरस्थ अंचलों से जरूरतमंद व गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अस्पतालों तक परिवहन में सहायक होंगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि जिले को मिले एम्बुलेंस मरीजों के परिवहन के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों और सुविधाओं से युक्त हैं। इससे ग्रामीण और दूर दराज के ऐसे मरीज जिन्हें अस्पताल तक आने में कठिनाई है अथवा दुर्घटना इत्यादि के समय फौरन चिकित्सीय सहायता की जरूरत होती है उनके लिए बड़ी सहायक होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि 07 नए एम्बुलेंस का वितरण इस प्रकार किया गया है, जिससे शहरी के साथ साथ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इसका लाभ मिले। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बच्चों के आईसीयू युक्त नियोनेटल एंबुलेंस संभाग मुख्यालयों में प्रदान किया गया है, जो बच्चों के लिए चलता फिरता आईसीयू है। दुर्ग में प्रदान किए गए इस एंबुलेंस का लाभ कबीरधाम जिले में भी लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंस से आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सहायता मुहैय्या कराना आसान होगा।

**एम्बुलेंस में ही उपलब्ध कराई जाएंगी कई स्वास्थ्य सुविधाएं**



उल्लेखनीय है कि बीएलएस एवं एएलएस एम्बुलेंसों में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटरध्कार्डियक मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति संकल्प पूर्ति पर धार्मिक अनुष्ठान

## सिद्ध खेड़ापति हनुमान में पूजा पाठ व भण्डारा आज

- चार दशकों बाद प्रदेशवासियों को मिली नक्सलवाद से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



31 मार्च 2026 की नियत तिथि तक बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के पूर्णतः समाप्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल को कवर्धा स्थित खेड़ापति हनुमान जी महराज मंदिर में पावन हनुमंत भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के माध्यम से प्रदेश में स्थापित शांति, सुरक्षा और समृद्धि के नए युग का अभिनन्दन करते ईश्वर का आभार नमन-वंदन किया जाएगा।

4 दशकों से अधिक समय से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से जूझ रहा था। नक्सलवाद ने विशेषकर बस्तर अंचल को लंबे समय तक प्रभावित किया, जहां हजारों लोगों की जाने व बुनियादी विकास कार्य बाधित रहे और आम जन-जीवन असुरक्षा व दंश के बारूदी साये में रहा। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के कई अन्य जिले भी नक्सलवाद से पीड़ित और प्रभावित रहे, जिसमें कबीरधाम जिला भी शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुसार नियत समय पर आज छत्तीसगढ़ ही नहीं, समूचे देश से सशस्त्र नक्सलवाद का अंत हो रहा है, दशकों से चली आ रही हिंसा और भय का दौर समाप्त हो रहा है, तब आम लोगों में भी खुशी का माहौल है। जन सामान्य में खुशी इस बात की भी है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के गृह मंत्री के रूप में कवर्धा के विधायक विजय शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। सबसे अहम तथ्य यह कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों के साहस, वीरता और बलिदानों के कारण संभव हो सकी है।



उन जवानों के अमर बलिदान का पावन स्मरण और भगवान खेड़ापति हनुमान जी महराज का पूजन अर्चन कर प्रदेश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ पावन भंडारा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया जाएगा। कवर्धा के माटीपुत्र विजय शर्मा ने भक्तजनों को इस अवसर पर सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि खेड़ापति हनुमान महाराज जी की असीम कृपा से हम सब उस लक्ष्य को प्राप्त कर सके जो वर्षो तक असाध्य माना जाता था। अंजनीनंदन, श्रीराम भक्त वीर हनुमान जी की अशेष कृपा से आज हमारा छत्तीसगढ़ के शान्तिमार्ग पर आरूढ़ हुआ।

आइए इस पावन अवसर पर हम सब मारूतिनंदन के श्रीचरणों मे नमन-वन्दन कर उनके असीम आशीर्वाद का वरण करें।

**खबर संक्षेप**

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**कवर्धा।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के सभागृह में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत सचिवों, सरपंचों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना अधिकारी सहसपुर लोहारा, सुश्री रीना ठाकुर द्वारा बाल विवाह से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों, शिकायत दर्ज करने हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक रजिस्टर संधारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा शिव कुमार साहू ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की शपथ दिलाई।

### पशुधन सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लू-तापघात (हीट वेव) से बचाव एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समस्त विभागों को जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार वैश्विक तापमान में औसत वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते विगत वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी एवं लू की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष भी तापमान में वृद्धि एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके परिणामस्वरूप पशुओं के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न होने की आशंका है। ऐसी स्थिति में पशुपालकों को स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच से संपर्क कर जल समस्या से अवगत कराने तथा स्थानीय स्तर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव देने के लिए कहा गया है। संस्था स्तर पर लू से बचाव के लिए क्या करें एवं क्या न करें के संबंध में ग्राम सभाओं के माध्यम से पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा।

## थाना प्रभारियों की बैठक, चिटफंड के आरोपियों पर शिकंजा कसने के दिए गए निर्देश



**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में 1 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चिटफंड के प्रकरण, स्थायी वारंटी एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा ली गई, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला, निरीक्षक विमल लवानिया, योगेश कश्यप, लालमन साव, डीसीबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सफीक कुरैशी, प्रधान आरक्षक लोकेश शर्मा, शिकायत शाखा प्रधान आरक्षक एवन नेताम एवं हेमंत ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा चिटफंड से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों का शीघ्र पता लगाकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट की अधिकतम तामिली सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके जिससे दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि पुलिस के पास प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाए, जिससे आम जनता को समय पर न्याय मिल सके व कबीरधाम पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के दिशा में निरंतर प्रयास किए जा सके।

# टीचर्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री व डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- पांच जिले में हुबहू प्रश्न-पत्र की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में छग शासन के उपमुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कबीरधाम, दुर्ग व धमतरी सहित बलरामपुर व बालोद जिले में हुबहू प्रश्न-पत्र से परीक्षा लेने की उच्चस्तरीय जांच कर उचित कार्यवाही की मांग किया है। उपमुख्यमंत्री के स्थानीय कार्यालय प्रभारी नरेंद्र मानिकपुरी तथा कलेक्टर की ओर से एडिशनल कलेक्टर विनय पोयाम ने ज्ञापन स्वीकार किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि विगत 30 मार्च को हुए वार्षिक परीक्षा का छठवीं के गणित व सातवीं का हिन्दी विषय का प्रश्नपत्र कबीरधाम, धमतरी व दुर्ग के बाद बलरामपुर जिले में भी हुबहू मिला है। इसके अलावा बालोद जिले ने तो सारी हदें पार करते हुए कबीरधाम, दुर्ग, धमतरी व बलरामपुर में 30 मार्च 2026 को हुए प्रश्नपत्र से एक अप्रैल 2026 को छठवीं के गणित व सातवीं के हिंदी का परीक्षा ले लिया। दरअसल लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा विगत चार फरवरी को जारी निर्देशानुसार प्रत्येक जिले को जिला स्तर के लिए अलग-अलग प्रश्नपत्र बनवाकर परीक्षा लेना है। कबीरधाम, धमतरी, दुर्ग, बलरामपुर व बालोद जिले ने हुबहू एक जैसे प्रश्नपत्र से परीक्षा ले लिया अर्थात इनमें से कोई चार जिले ने दूसरे जिले के प्रश्नपत्र से ही परीक्षा लिया है, जो डीपीआई के निर्देशों का खुला उल्लंघन है। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, सुरतिया साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, चिंता पटेल, नारायण राजपूत, राजेन्द्र तलवरे, लक्ष्मण मिरी, रामसिंह राजपूत, रामप्रसाद चन्द्रवंशी, ओमप्रकाश धुर्वे, अजमेर खान, हुक्मीचंद धुर्वे, रामसिंह साहू, शिव धुर्वे, विनोद राजपूत, अभिषेक शुक्ला, जुगल वर्मा आदि ने कहा कि पांच जिलों में हुबहू प्रश्नपत्र का मिलना साथ ही बालोद द्वारा पहले से हुए प्रश्नपत्र से परीक्षा ले लेना कोई संयोग या इत्तेफाक नहीं हो सकता। इसका उच्चस्तरीय जांच कराकर उचित कार्यवाही आवश्यक है।



## होली किंगडम स्कूल के पांच खिलाड़ी राष्ट्रीय ड्रॉपरोबॉल प्रतियोगिता के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय ड्राप रोबॉल महासंघ द्वारा राष्ट्रीय ड्राप रोबॉल चैंपिनशिप गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ टीम की ओर से द होली किंगडम इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल कवर्धा के हर्ष तम्बोली, नमन सिह ठाकुर, नमन नाहर, आयुष धुर्वे एवं आदित्य कौशिक इस प्रतियोगिता में जौहर दिखाएंगे। इस स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यालय के खेल शिक्षक साहिल खान के द्वारा 3 दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें ड्रॉप रोबॉल खेल कैशल का ट्रेनिंग दिया गया। सभी खिलाड़ी 14 वी जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय ड्रॉप रोबाल चैंपिनशिप गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में 6 अप्रैल तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निर्देशक पास्टर जोश थॉमस, सह निर्देशिका लिजी थॉमस, एडमिन धनुष सिंह रायपुरिया, आकाश चन्द्रवंशी एवं सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया एवं आगे होने वाली प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की है।




## लायंस क्लब ने सकोरे बांटकर प्यासे पक्षियों को दाना पानी देने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लायंस क्लब ने 30 मार्च सोमवार को नवीन बाजार में दानी मेडिकोज के सामने प्यासे पक्षियों को दाना पानी खिलाने पिलाने हेतु 50 सकोरे बांटे। ग्रीष्म ऋतु में क्लब की ओर से हर वर्ष क्लब की ओर से सकोरे बांटकर संदेश दिया जाता है कि पक्षी हमारे पारिस्थितिक संतुलन के लिए बड़े ही आवश्यक जीव हैं। हम देख रहे हैं कि पक्षियों की प्रजाति शहरी इलाकों में धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है। अतः उन्हें बचाना और उन्हें दाना पानी देना न केवल पुण्य का काम है, बल्कि अपने आसपास प्रकृति को बचाने का प्रयास भी है। इसी के साथ लायंस प्याऊ घर का भी शुभारंभ किया गया। अब दानी मेडिकोज में राहगीरों के लिए दिन भर शीतल जल सेवा उपलब्ध रहेगी। लायन अध्यक्ष एमजेएफ प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने बताया कि लायंस शीतल जल सेवा कार्यक्रम के तहत सुधा वाटिका एवं रजिस्ट्रार ऑफिस में पिछले पांच वर्षों से वाटर कूलरों के जरिए ठंडे पानी की सेवा दी जा रही है। अगले वर्षों में इसके विस्तार की योजना है। आज के कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद, नीरज मनजीत छाबड़ा, बीपी गुप्ता, हरीश गांधी, रामेश्वर गुप्ता, आनंदप्रकाश दानी, एमजेएफ अजय गुप्ता, डॉ.बीएस चौहान, डॉ. नरेश कुमार यदु, धनसुख पटेल, मनोज कुमार ठाकुर, बीपी शर्मा, प्रमोद कोचर, नवनीत गुप्ता, गुरमीत चावला, देवेन्द्र बिंदल आदि उपस्थित थे।

## श्री हनुमाम मंदिर के लिए ठाकुर सुदेश सिंह ने अपनी 50 डिसमिल कृषि भूमि दी दान



- मंदिर की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा आज, सभी सनातनियों को आयोजकों ने दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के गृह ग्राम पंचायत रामपुर ठाठापुर के स्थानीय निवासी सरपंच संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर सुदेश सिंह की प्रेरणा एवं ग्रामीणों के जन सहयोग से श्री हनुमाम मंदिर का भव्य निर्माण किया गया है।

गौरतलब है कि श्री हनुमान मंदिर के रख रखाव एवं मंदिर की व्यवस्था के लिए ठाकुर सुदेश सिंह ने अपनी कृषि योग्य निजी जमीन में से 50 डिसमिल जमीन हनुमान मंदिर को दान की है, मंदिर की व्यवस्था के लिए समिति का भी गठन किया गया है। हनुमान मंदिर का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर किया जायेगा।

श्री हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए मंदिर निर्माण समिति के द्वारा रामपुर ठाठापुर सहित आस पास के अनेकों गांवों के धर्मावलंबियो को न्यौता दिया है। हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में विशिष्ठ अतिथियों के भी आने की संभावना है।

समिति के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वाले आगंतुकों के लिए प्रसादी एवं शीतल पेय शर्बत आदि की भी व्यवस्था की गई है। सरपंच संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर सुदेश सिंह ने समस्त सनातनीयों से प्राण प्रतिष्ठा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**कवर्धा नगर के वीरस्तंभ चौक में श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित**

# जिला भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने वीर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में एवं शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशानुसार व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के मार्ग दर्शन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में बीते मंगलवार की शाम को स्थानीय वीरस्तम्भ चौक में श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय व प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा, पवन जायसवाल नगर पालिका उपाध्यक्ष, मनीराम साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रिंकेश वैष्णव, लोकचंद साहू, अजय ठाकुर, डोनेश ठाकुर, भाजयुमो जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर जायसवाल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दुर्गेश दुबे, अश्वन साहू, मीनूराम साहू, दुर्गेश अवस्थी, मिथिलेश बंजारे, सौरभ शर्मा, बिहारी राम धुर्वे, दीपक सिन्हा, संजीव कुर्रे, गोलू यादव, सौरभ शर्मा, सोनू सिंह ठाकुर, मुकेश सेन, यशवंत छाबड़ा, गोपाल साहू, कैलाश कौशिक, राकेश साहू, उमेश्वर साहू, आशीष सोनी, हर्ष खुराना, योगेश महाजन, अजय केशरवानी, खिलेश बंजारे, कार्तिक सोनी, कमलेश ठाकरे आदि ने उपस्थित होकर अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

